संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    करनाल, गुरूवार, 25 अप्रैल 2024 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive



सपा प्रमुख अखिलेश यादव के कन्नौज से चुनाव लड़ने के दावे को कंफर्म कर दिया गया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 113 पृष्ठः 12    RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com    हरियाणा संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड


RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"जिस तरह आग सोने को परखती है उसी तरह मुसीबत एक बहादुर इंसान को।"
-भागवद् गीता

## मन की बात



"पहले अच्छी बात का मजाक बनता है। फिर विरोध होता है। अंत में उसे स्वीकार कर लिया जाता है।"
-स्वामी विवेकानंद

## तीसरी आंख




# 'विरासत टैक्स' पर घिरी कांग्रेस

= कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने कहा कांग्रेस भारत में धन के पुनर्वितरण की योजना बना रही है

**विवादित बयान**

8 किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की प्रॉपर्टी है, उसकी मौत हो जाती है तो बच्चों को पूरी प्रॉपर्टी नहीं मिलती है






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** विरासत टैक्स को लेकर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने बड़ा बयान दिया है। सैम पित्रोदा ने कहा है कि अमेरिका में अगर किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की प्रॉपर्टी है और उसकी मौत हो जाती है तो उसके बच्चों को पूरी प्रॉपर्टी नहीं मिलती है। संपत्ति का 45 प्रतिशत हिस्सा ही बच्चों को मिलता है। बाकी के बचे 55 प्रतिशत प्रॉपर्टी पर सरकार का अधिकार होता है।

**क्या होता है विरासत कर ?**
विरासत कर एक ऐसा कर है जो किसी मृत व्यक्ति से उसके उत्तराधिकारियों या लाभार्थियों को संपत्ति या संपत्ति के हस्तांतरण पर लगाया जाता है। इस कर का मूल्यांकन आमतौर पर किसी देश के राज्य या संघीय स्तर पर किया जाता है। यह कर उस क्षेत्राधिकार के कानूनों पर भी निर्भर करता है जहां मृत व्यक्ति रहता था और जहां उनकी संपत्ति स्थित है।

**अमेरिका में विरासत कर का क्या है नियम ?**
दुनियाभर के कई देशों में विरासत में मिलने वाली संपत्ति पर टैक्स लगाया जाता है। यह टैक्स जिसे विरासत में संपत्ति मिली है उस व्यक्ति को देना होता है। अमेरिका में विरासत टैक्स का चलन सामान्य नहीं है। साल 2023 तक सिर्फ छह राज्यों में ही विरासत कर वसूला जाता है। यह टैक्स इस बात पर डिपेंड करता है कि मरने वाला व्यक्ति किस राज्य में रहता था या उसकी संपत्ति किस राज्य में थी। साथ ही विरासत में मिली संपत्ति की कीमत कितनी है और इसके हकदार व्यक्ति का मरने वाले से क्या रिश्ता है।

**अमेरिका के राज्यों में वसूला जाता है विरासत टैक्सः** अमेरिका में अभी अमेरकिा में आयोवा, केंटकी, मैरीलैंड, नेब्रास्का, न्यू जर्सी और पेंसिलवेनिया में आपको विरासत में मिली प्रॉपर्टी पर टैक्स की परंपरा है। लेकिन यह लगेगा या नहीं, कई बातों पर निर्भर करता है।

वहीं, अमेरिका की सरकार बड़ी संपत्ति पर सीधे एस्टेट टैक्स लगाती है। लेकिन अगर इस संपत्ति से कोई कमाई होती है तो उस पर अलग से इनकम टैक्स भी लगता है। अमेरिका में विरासत में संपत्ति पाने वालों पर अलग से कोई विरासत टैक्स नहीं लगता।

**किन देशों में कितना वसूला जाता है विरासत टैक्स ?**
टैक्स फाउंडेशन फेडरल और एस्टेट के इनहेरिटेंस टैक्स अराउंड द वर्ल्ड के एक सर्वे में बताया गया है कि किस देश में कितना विरासत टैक्स वसूला जाता है।

## पित्रोदा का बयान बना कांग्रेस के जी का जंजाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** सैम पित्रोदा के पैतृक संपत्ति हस्तांतरण पर कर संबंधी बयान कांग्रेस के जी का जंजाल बन गया है। भाजपा हमलावर है और कांग्रेस बयान से किनारा कर रही है। कांग्रेस नेता ओवरसीज कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा के बयान से पल्ला झाड़ते हुए डैमेज कंट्रोल में जुट गए हैं। सैम पित्रोदा ने शिकागो में एक टीवी चैनल से बातचीत में कहा है कि कांग्रेस भारत में धन के पुनर्वितरण की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि परिवार के मुखिया की मृत्यु के बाद अमेरिका में 55 प्रतिशत संपत्ति मिलती है शेष संपत्ति सरकार के पास चली जाती है। इस तरह की व्यवस्था भारत में नहीं हैं। इस पर विचार होना चाहिए। कांग्रेस इस तरह की योजना बना रही है। सैम पित्रोदा इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। सैम पित्रोदा के इस बयान को भाजपा ने गंभीरता से लेते हुए कांग्रेस की आलोचना करनी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री ने सैम के बयान पर हमला बोलते हुए छत्तीसगढ़ की सभा में कहा था कि कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सैम पित्रोदा की टिप्पणी के बाद कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से बेनकाब हो गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में 'सर्वे' का जिक्र है। मनमोहन सिंह पहले अपने बयान में कह चुके हैं कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों और विशेषकर मुसलमानों का है। अब सैम पित्रोदा ने अमेरिका का हवाला देते हुए टिप्पणी की है कि धन के वितरण पर विचार-विमर्श होना चाहिए।

## कांग्रेस की ऐसी कोई मंशा नहीं है, ये सैम के विचार हैं: खड़गे



सैम के बयान के बाद बैकफुट पर आई कांग्रेस के नेता स्पष्ट कर रहे हैं कि पार्टी का ऐसा कोई ईरादा नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि हमारी ऐसी कोई मंशा नहीं है। ये उनके विचार हैं। उनके विचार हमारे मुंह में क्यों डाल रहे हैं कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि सैम पित्रोदा उनके सहित दुनिया भर में कई लोगों के लिए एक गुरु, मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक रहे हैं। पित्रोदा उन मुद्दों पर स्वतंत्र रूप से अपनी राय व्यक्त करते हैं जिनके बारे में वह दृढ़ता से महसूस करते हैं। निश्चित रूप से लोकतंत्र में एक व्यक्ति अपने व्यक्तिगत विचारों पर चर्चा करने, व्यक्त करने और बहस करने के लिए स्वतंत्र है।

## कैसे कैलकुलेट होता है विरासत कर?

विरासत कर की दरें एक देश से दूसरे देश में भिन्न-भिन्न होती हैं। आमतौर पर, विरासत कर एक प्रगतिशील दर का अनुसरण करता है। विरासत कर की दर विरासत के मूल्य और इसे प्राप्त करने वाले व्यक्ति पर निर्भर करती है। इन सभी को ध्यान में रखते हुए, विरासत करों की गणना स्लाइडिंग के आधार पर की जाती है। जैसे-जैसे विरासत का मूल्य तय लिमिट को पार करता है वैसे-वैसे टैक्स का रेट भी बढ़ता है। इसके अलावा, आपको जो छूट मिलेगी और आप पर जो टैक्स रेट लगेगा, वह इस पर निर्भर करता है कि आपका मरने वाले व्यक्ति से क्या रिश्ता था।

**भारत में विरासत पर कैसे लगाया जाता है टैक्सः** भारत में कोई विरासत कर नहीं है। उत्तराधिकारियों को संपत्ति उपहार के तैर पर मिलती है।

## इंदिरा ने युद्ध में अपने आभूषण दान कर दिए थेः खरगे



**टीम एक्शन इंडिया**
**तिरुवनंतपुरमः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंगलसूत्र पर की गई टिप्पणी का जवाब देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कहा कि पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी ने 1962 के भारत-चीन युद्ध में अपने आभूषण दान किए थे, जबकि उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा ऐसा कोई बलिदान दिया गया है। खड़गे ने एक्स पर पोस्ट किया, बीजेपी-आरएसएस के किसी नेता ने देश के लिए क्या बलिदान दिया है उन्होंने राष्ट्रीय आन्दोलन में भी भाग नहीं लिया। चुनाव के लिए मोदी जी लोगों से झूठ बोल रहे हैं कि उनका मंगलसूत्र सुरक्षित नहीं रहेगा। कांग्रेस ने इस देश पर 55 साल तक शासन किया। क्या ऐसा एक बार भी हुआ है 1962 के युद्ध में इंदिरा गांधी ने अपने आभूषण दान कर दिये थे। पंडित मोतीलाल नेहरू और पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इलाहाबाद में आनंद भवन के रूप में अपना घर स्वतंत्रता आंदोलन के लिए दान कर दिया था।

# कभी नहीं कहा संपत्ति बांटेंगेः राहुल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भारतीय जनता पार्टी की ओर से लगातार आलोचना की शिकार कांग्रेस पार्टी और उनके नेता राहुल गांधी संपत्ति पुनर्वितरण पर पीछे हटते दिखाई दे रहे हैं। सैम पित्रोदा के बयान के बाद कांग्रेस पार्टी लगातार स्पष्टीकरण दे रही है। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज कहा कि उन्होंने कभी नहीं कहा कि हम संपत्ति बंटवारे पर कार्रवाई करेंगे लेकिन हम देश में जातीय जनगणना का काम कराएंगे।

नई दिल्ली के जवाहर भवन में आयोजित सामाजिक न्याय सम्मेलन में राहुल गांधी ने यह बात कही। राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें जाति में नहीं, बल्कि 'न्याय' में दिलचस्पी है लेकिन जानकारी के लिए जातीय जनगणना जरूरी है ताकि पता चल सके कि कितना अन्याय हुआ है। राहुल गांधी ने कहा कि जातिगत जनगणना एक सर्वेक्षण नहीं है। इसमें आर्थिक और संस्थागत घटक भी शामिल किए जाएंगे।



### 'जाति जनगणना यह मेरे जीवन का मिशन'

एक कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, जाति जनगणना मेरे लिए राजनीति नहीं है, यह मेरे जीवन का मिशन है और मैं इसे नहीं छोड़ूंगा। जाति जनगणना को कोई ताकत नहीं रोक सकती। कांग्रेस की सरकार आते ही हम सबसे पहले जातीय जनगणना कराएंगे। ये मेरी गारंटी है। यह मत सोचिए कि जाति जनगणना सिर्फ जातियों का सर्वेक्षण है।

## 'अमीर को गरीब नहीं बल्कि गरीब को अमीर बनाना जरूरी है'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** सैम पित्रोदा के संपत्ति हस्तांतरण के मुद्दे वाले बयान से कांग्रेस ने खुद को अलग कर लिया है। पार्टी की नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि ये कांग्रेस की विचारधारा नहीं है।

इससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है। कांग्रेस पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि कांग्रेस देश में अमीर गरीब की खाई पाटना चाहती है। इसके लिए किसी अमीर को गरीब बनाना जरूरी नहीं है लेकिन गरीब को अमीर बनाना जरूरी है।

## कर्नाटक में सभी मुस्लिम हो गए ओबीसीः रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**बेंगलुरुः** लोकसभा चुनाव के बीच भाजपा आरक्षण के मुद्दे को लेकर लगातार कांग्रेस पर निशाना साध रही है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस की कोशिश है कि वो एससी और एसटी और ओबीसी का अधिकार मुसलमानों में बांट दे।

**मुसलमानों के सभी जातियों को मिल रहा आरक्षणः एनसीबीसी**
इसी बीच राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने जानकारी दी कि कर्नाटक में शिक्षण संस्थानों और नौकरियों में मुस्लिम समुदाय को आरक्षण मिल रहा है। आयोग ने ये भी जानकारी दी कि कर्नाटक के मुस्लिमों की सभी जातियों और समुदायों को सरकारी नौकरियों एवं शिक्षण संस्थानों में आरक्षण दिया जा रहा है।

**कर्नाटक सरकार ने नहीं दी कोई स्पष्टीकरणः आयोग**
राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने कहा कि हमने इस मामले पर कर्नाटक सरकार से पूछा था कि आखिर किस आधार पर यह कोटा दिया जा रहा है। इस मामले पर हमें कोई स्पष्टीकरण नहीं मिला है।

## शिक्षक भर्ती घोटालः पश्चिम बंगाल सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची। राज्य सरकार ने कलकत्ता हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है जिसमें 2016 में की गई शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की लगभग 24 हजार नियुक्तियों को रद्द कर दिया था। राज्य सरकार ने याचिका में हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगाने की मांग की है। याचिका में राज्य सरकार ने आरोप लगाया है कि हाई कोर्ट ने रिकॉर्ड पर बिना किसी भी हलफनामे और मौखिक दलील के आधार पर ही मनमाने ढंग से नियुक्तियां रद्द कर दीं।

# कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी...

**कांग्रेस को घेरा**

8 संपत्ति पर भी टैक्स लगाएगी। कांग्रेस का मंत्र है- कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी



**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुरः** प्रधानमंत्री मोदी ने सरगुजा जिला मुख्यालय अंबिकापुर के पीजी मैदान में बुधवार को चुनावी सभा में भाषण की शुरूआत मां महामाया के जयकारे के साथ शुरू की। उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा में सभी को जय जोहर भी कहा। कांग्रेस का कहना है कि वो माता-पिता से मिलने वाली संपत्ति पर भी टैक्स लगाएगी। कांग्रेस का मंत्र है- कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने अपने सम्बोधन में कहा कि जब 2014 में वह पहली बार पीएम पद के उम्मीदवार थे तब अम्बिकापुर में प्रचार के दौरान उनके लिए लाल किले का स्ट्रक्चर भी बनाया गया था। इस पर भी कांग्रेस ने आपत्ति जाहिर की थी कि कोई कैसे लाल किले से भाषण दे सकता है।

# वीवीपीएटी से शत-प्रतिशत मिलान के मामले पर फैसला सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** ईवीएम का वीवीपीएटी से शत-प्रतिशत मिलान के मामले पर उप चुनाव आयुक्त नीतेश व्यास ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया। निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि माइक्रो कंट्रोलर में कंट्रोल यूनिट, बटन यूनिट और वीवीपीएटी होता है। तीनों को बस एक ही बार प्रोग्राम किया जा सकता है। कंट्रोलर को बाहर से प्रभावित नहीं कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा कि आंकड़ा 45 दिन सुरक्षित रखा जाता है। सिंबल लोडिंग के सवाल पर नीतेश व्यास ने कहा कि सिंबल लोडिंग के लिए निर्वाचन आयोग और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स ही दो निर्माता हैं। तब जस्टिस संजीव खन्ना ने पूछा कि क्या आप और अधिक निर्माताओं से अधिक सिंबल लोडिंग यूनिट ले सकते हैं।





# मोदी का 2047 तक विकसित भारत का संकल्पः डॉ. अशोक तंवर



**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसाः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया हुआ है। हम सब भारत वासियों का यह दायित्व बनता है कि देश की आजादी की स्वर्ण जयंती पर विकसित भारत का निर्माण करने में उनका योगदान करें। भारतीय जनता पार्टी के सिरसा लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार डॉ. अशोक तंवर ने यह बात कालांवाली विधानसभा के विभिन्न स्थानों पर बुधवार को चाय पे चर्चा और जनसभाओं में लोगों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हरियाणा की सभी 10 सीटें भारतीय जनता पार्टी लाखों वोटों के मार्जिन से जीतने वाली है। विपक्ष के तमाम उम्मीदवार सूरत की तरह सरेंडर करने की स्थिति में हैं और जमानत बचाने के प्रयास में लगे हुए हैं। उन्होंने कालांवाली के लोगों से वोट की अपील करते हुए कहा कि मनोहर लाल जी की सरकार ने कालांवाली को उपमंडल का दर्जा दिया। डबवाली को पुलिस जिला बनाने का काम किया ताकि इस सीमावर्ती इलाके में नशे पर

**दावा**

**8 रियाणा की सभी 10 सीटें भारतीय जनता पार्टी लाखों वोटों के मार्जिन से जीतने वाली है**

नकेल कसी जा सके। डबवाली पुलिस जिला बनने और कालांवाली उपमंडल बनने के बाद यहां विकास की प्रक्रिया तेज हुई है। उन्होंने गांव योवाली, ओढ़ां रोड कालांवाली, गली नंबर 10, गांव कालांवाली, बस स्टैंड रोड नजदीक यूको बैंक, दुकान नंबर 90 अनाज मंडी, वार्ड नंबर 11, दुकान नंबर 115, वार्ड नंबर 7, देसू रोड गली नंबर 9, इंदिरा देवी के घर, जग्गा सिंह के घर, गुरप्रीत सिंह के घर, जैन सभा वाली गली में उन्होंने लोगों के साथ चाय पर चर्चा की। वार्ड नंबर 8 में चरणदास के निवास के पास जनसभा को संबोधित करते हुए डॉ. तंवर ने कहा कि हमने देश की आजादी के बाद ऐसा माहौल पहली बार देखा है जब पूरा देश एकजुट होकर तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए आतुर है।

# हर वर्ग को मिला मोदी सरकार की कल्याणकारी नीतियों का लाभ : रणजीत



**टीम एक्शन इंडिया**

हिसारः हिसार लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह ने कहा है कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की बदौलत पूरा देश तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने का मन बना चुका है। भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई कल्याणकारी नीतियों का लाभ हर वर्ग को मिला है और देश की जनता इन नीतियों को लागू रखने के लिए फिर से मोदी सरकार बनाने का संकल्प ले चुकी है। वे बुधवार को अपने जनसंपर्क अभियान के तहत नलवा विधानसभा क्षेत्र के गांवों में सभाएं करके वोटों की अपील कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में पहली बार ऐसी सरकार बनी है, जिसने हर वर्ग के कल्याण को ध्यान में रखकर काम किया है। यही कारण है कि हर वर्ग के हित में कोई न कोई नीति अवश्य बनी है और उस वर्ग को उसका लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने ग्रामीण, गरीब व जरूरतमंद जनता को ध्यान में रखते हुए काम किया है और आज इन वर्गों में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का चाव है। उन्होंने कहा कि अब तक उन्होंने हिसार लोकसभा क्षेत्र के कई क्षेत्रों का दौरा किया है और हर क्षेत्र में उन्हें भरपूर सहयोग व सम्मान मिला है। उन्होंने जनता से वोटों की अपील करते हुए कहा कि चुनाव जीतने के बाद वे जनता के सहयोग व साथ को सवाया करके लौटाने का प्रयास करेंगे। भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि पार्टी उम्मीदवार रणजीत सिंह ने नलवा हलके के न्योली कलां, मात्रश्याम, मिगनीखेड़ा, किरतान, सीसवाला, रावलवास कलां, धीरणवास, रावलवास खुर्द, हिंदवान व आर्यनगर गांवों का दौरा करके वोटों की अपील की।

## न्यूज फ्लैश

### चोरी के आरोपित को छुडवाने के छह आरोपित काबू

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** गांव धमतान साहिब में पूना महाराष्ट्र पुलिसकर्मियों से मारपीट कर चोरी के आरोपित को छुडवाने के छह आरोपितों को गढ़ी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों को बुधवार को पुलिस द्वारा अदालत में पेश किया गया जहां से सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गत 19 अप्रैल को गढ़ी थाना पुलिस को दी शिकायत में पूना महाराष्ट्र पुलिस के एसआई युवराज मारूति कलकुटगे ने बताया था कि वह पूना के लोह मार्ग थाने में तैनात है। गत 17 फरवरी को वहां थाने में दर्ज चोरी के मामले में गांव धमतान साहिब निवासी विजय की धरपकड़ के सिलसिले में 11 सदस्यीय टीम गांव धमतान साहिब पहुंची थी। आरोपित विजय को काबू कर गाड़ी में बैठा लिया था। उसी दौरान बस्ती के लोगों ने पुलिस गाड़ी को घेर लिया और हाथापाई तथा गाली गलौज करते हुए विजय को पुलिस हिरासत से छुडा लिया। पुलिस टीम वहां से सुरिक्षत निकलने में कामयाब हो गई। गढ़ी थाना पुलिस ने सब इंसपेक्टर युवराज मारूति की शिकायत पर एक दर्जन से अधिक लोगों को नामजद कर 15-20 अन्य के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, हाथापाई करने, पुलिस गिरफ्त से छुडवाने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले कार्रवाई करते हुए ओमप्रकाश, बुल्ली, शीला, संतोष, रविंद्र, रोहित को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपितों को अदालत में पेश किया गया जहां से अदालत ने आरोपितों को न्यायिक हस्पताल में जेल भेज दिया है।

### दूध व खाद्य उत्पादों में मिलावट रोकने के लिए एडीसी को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** समाज सेवी संगठन अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत इकाई ने दूध और खाद्य उत्पादों में मिलावट पर अंकुश लगाने की मांग की है। इस मांग पर संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। संगठन के हरियाणा प्रांत अध्यक्ष नवीन जैन ने बुधवार को ज्ञापन सौंपते हुए दूध के नमूनों की जांच कराने, खाद्य उत्पाद नमूना लेने एवं प्रयोगशाला स्थापित करने की मांग की। ग्राहक पंचायत ने कहा कि खाद्य पदार्थों के लिए सप्ताह में दो दिन मोबाइल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, मोबाइल वैन को उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की जाए। साथ ही हिसार में एक स्वतंत्र प्रभार खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी नियुक्त किया जाए तथा टीम में उपभोक्ता संगठन के प्रतिनिधि को भी शामिल किया जाए।

संगठन मंत्री सुमित सैनी ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए निरीक्षण दल गठित हो। देश में वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार दूध की अनुमानित खपत इसके उत्पादन से अधिक है और प्रायः देखा गया है कि सिंथेटिक दूध मिलावटखोरों द्वारा बेचा जाता है। आम जनता के लिए दूध के नमूनों की निशुल्क जांच के लिए प्रशिक्षण केंद्र खोले जाएं ताकि आम जनता के जीवन को मिलावटी खाद्य पदार्थों से होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से मुक्ति मिल सके। इस अवसर पर संगठन मंत्री सुमित सैनी, रमेश गर्ग, मोहन गौतम व अमित शर्मा मौजूद थे।

### फतेहाबाद: विधायक ने अनाज मंडी में गेहूं खरीद व्यवस्था का लिया जायजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** गेहूं की खरीद और लिफ्टिंग के बेहतर क्रियान्वयन के लिए बुधवार को विधायक लक्ष्मण नापा ने आढ़तियों ओर जमीदारों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने गेहूं खरीद व्यवस्था का जायजा लिया और जमीदारों व आढ़तियों से बातचीत की। विधायक लक्ष्मण नापा ने अनाज मंडी में जाकर गेहूं की खरीद का जायजा भी लिया तथा व्यापारियों व मंडी में अनाज लेकर पहुंचे जमींदारों से चर्चा की। विधायक ने कहा कि गेहूं सीजन के दौरान मंडी में अनाज बेचने आए जमीदारों और आढ़तियों के साथ खरीद खरीद संबंधी चर्चा की गई। इस मौके पर व्यापार मंडल प्रधान रूप गर्ग, शहरी मंडल अध्यक्ष सुखविंदर गोयल, अशोक गर्ग, सुरेंद्र प्रधान नदीशाला, खेमचंद मोंगा, दुगार्दास, सुरेंद्र गर्ग, दीपी गर्ग, पल्लेदारों के प्रधान जिले सिंह, सूखा सिंह सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

### टोहाना में युवक से क्रेडिट कार्ड के नाम पर 2 लाख हड़पे

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** फतेहाबाद में एक व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो गया। बैंक क्रेडिट कार्ड के नाम पर फोन करने वाले युवक ने उसका मोबाइल हैक कर उसके क्रेडिट कार्ड से करीब 2 लाख रुपये की निकाल लिए।

# दिव्यांगों ने नारेबाजी कर बोर्ड के कार्यालय को किया बंद

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसाः** नागरिक अस्पताल सिरसा में दिव्यांगों के मेडिकल के लिए गठित बोर्ड के चिकित्सकों के बुधवार को ना आने के कारण दिव्यांगों को परेशानी झेलनी पड़ी। दिव्यांगों ने गुस्सा दिखाते हुए नारेबाजी की और बोर्ड के कार्यालय को बंद कर दिया। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दिव्यांगों को शांत किया तथा गेट खुलवाया। नागरिक अस्पताल सिरसा में प्रत्येक बुधवार को दिव्यांगों के प्रमाण पत्र बनाने के लिए चिकित्सकों का एक बोर्ड बैठता है। दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए हर बुधवार जिले भर से दिव्यांगजन खुद या अपने परिजनों के साथ नागरिक अस्पताल में पहुंचते हैं। आज भी बड़ी संख्या में दिव्यांगजन अस्पताल में बोर्ड कार्यालय पर पहुंच गए थे। जब सुबह 11 बजे तक बोर्ड में शामिल कोई भी चिकित्सक जांच के लिए कार्यालय में नहीं पहुंचा तो दिव्यांगों व उनके साथ आए परिजनों का गुस्सा बढ़ गया। दिव्यांगजनों ने कहा कि गर्मी के मौसम में वे दूर-दूर से चलकर सिरसा पहुंचे हैं। यहां पर बोर्ड में शामिल कोई चिकित्सक नहीं पहुंचा है। उन्हें इसकी कोई सूचना भी नहीं दी गई है। काफी देर तक इंतजार करने के बाद भी जब कोई चिकित्सक नहीं पहुंचा तो दिव्यांगजनों व उनके परिजनों ने बोर्ड कार्यालय का गेट बंद कर दिया और नारेबाजी शुरू कर दी।

# भाजपा, कांग्रेस आमजन को कर रही गुमराहः अभय



**टीम एक्शन इंडिया**

सिरसाः भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियां विकास के नाम पर लोगों को भ्रमित कर रही हैं। मगर जनता अब पूरी तरह सजग है और हरियाणा में इनेलो प्रत्याशियों को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाएंगे। यह बात इंडियन नेशनल लोकदल के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने बुधवार को यहां इनेलो की जिला स्तरीय बैठक में कही। इस अवसर पर उन्होंने सिरसा संसदीय सीट से इनेलो प्रत्याशी संदीप लोट के बारे में कहा कि वे कोई नए प्रत्याशी नहीं हैं और उनके पिता व दादा पुराने राजनीतिज्ञ रहे हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को जन जन के बीच जाकर इनेलो की कल्याणकारी योजनाओं को प्रचारित कर इनेलो प्रत्याशी को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पहले चरण में 102 सीटों पर हुए मतदान में भाजपा की हालत पतली होने के कारण ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बौखला गए हैं और फिर हिंदु मुसलमान के बीच खाई पैदा करने वाली बयानबाजी करने पर आमादा हैं मगर जनता इस बार परिवर्तन करने का मन बना चुकी है। इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला ने भाजपा नेता डॉ. अशोक तंवर व कांग्रेस नेत्री कुमारी सैलजा को मौकापरस्त बताते हुए कहा कि वे कभी भी जनता के बीच नहीं गए और अब आमजन को विकास के नाम पर गुमराह करने पर तुले हैं। अभय चौटाला ने कहा कि उनका सिरसा से केवल राजनीतिक ही नहीं बल्कि पारिवारिक रिश्ता भी है और इसी कारण इनेलो प्रत्याशी की जीत के साथ ही एक बड़ा संदेश हरियाणा में जाना चाहिए। इसी संदेश का असर

**आरोप**

**8 कार्यकर्ताओं को इनेलो प्रत्याशी लोट को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने का किया आह्वान**

यह रहेगा कि आगामी विधानसभा चुनावों में हरियाणा में इनेलो की सरकार बनेगी। इनेलो नेता ने कहा कि वे स्वयं कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से आगामी 1 मई को नामांकन दाखिल करेंगे। कटाक्ष किया कि कांग्रेस में रहते हुए जिस नवीन जिंदल को प्रधानमंत्री कोयला घोटाले का आरोपी बताते थे, उनके भाजपा ज्वाइन करने पर मोदी ने उन्हें ही निर्दोष मानते हुए प्रत्याशी भी घोषित कर दिया।

# युवाओं, बुजुर्गों व महिलाओं को मतदान करने के लिए किया जा रहा जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवलः** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा सिंह ने बुधवार को जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय में कार्यरत लोक कलाकार कवि राजाराम को वोटिंग ताऊ बनाया है। उन्होंने कहा कि यह वोटिंग ताऊ जिला में जगह-जगह जाकर लोगों को आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव में अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रेरित करेंगें। उन्होंने बताया कि राजाराम एक अच्छे कवि भी है, जो अपने भजनों व गीतों से भी स्वीप

**प्रेरित**

**8 लोकसभा आम चुनाव में अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रेरित करेंगे**

कार्यक्रम के तहत जनता को जागरूक कर रहे हैं। राजाराम ने अब तक अपने भजनों व गीतों से अनेकों गांवों में मतदान करने के लिए प्रचार-प्रसार करके लोगों को जागरूक किया है। उन्होंने कहा कि वोटिंग ताऊ राजाराम जिला के शहर, कॉलोनी, गांवों में बूथों पर जाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे, जिससे कि ज्यादा से ज्यादा मतदान हो सके। अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप के नोडल अधिकारी डा. ब्रह्मजीत सिंह रांगी ने भी वोटिंग ताऊ के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि वोटिंग ताऊ राजाराम एक कुशल कवि हैं, जिन्होंने अपने द्वारा बनाई गई कविताओं व भजनों तथा लोकगीतों से मतदाताओं को जगह-जगह जाकर युवाओं, बुजुर्गों व महिलाओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक कर रहे हैं।

# आसमानी बिजली गिरने से किसान की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींदः** जुलाना स्थित खेतों में गए किसान की आसमानी बिजली गिरने से मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। बुधवार को घटना की सूचना मिलने पर जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। नागरिक अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। जुलाना स्थित वार्ड नंबर सात निवासी 61 वर्षीय शिव कुमार मंगलवार को कार्यवश खेत में गया हुआ था। इसी दौरान मौसम खराब हुआ तो खेत में काम करते हुए शिव कुमार पर आसमानी बिजली गिर गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जब देर शाम तक शिव कुमार घर नहीं लौटा तो परिजन उसकी तलाश में खेत में पहुंच गए।

# सीएम सैनी की मौजूदगी में 29 को राव करेंगे नामांकन



**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्रामः** लोकसभा चुनाव को लेकर गुरुग्राम में होने वाली रैलियों की तैयारियों को लेकर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष कमल यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, लोकसभा कलस्टर प्रमुख मनीष मित्तल और जिला प्रभारी संदीप जोशी की उपस्थिति में गुरुग्राम और पटौदी में होने वाली विजय संकल्प रैली की तैयारियों की समीक्षा की गई। कार्यकताओं को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत को बड़े मार्जिन में बदलने के लिए 5 मई से डोर-टू डोर प्रचार अभियान चलाने का निर्णय भी लिया गया। जिला मीडिया प्रभारी एवं गुरुग्राम लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के मीडिया प्रभारी डा. गजेन्द्र गुप्ता ने बताया कि 26 अप्रैल को गुरुग्राम विधानसभा की भीम नगर में होने वाली विजय संकल्प रैली में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि होंगे। 29 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह नामांकन भरेंगे, तब

**बैठक**

**8 विजय संकल्प रैलियों को सफल बनाने के लिए गुरुकमल में हुई भाजपा की बैठक**

एक जनसभा होगी।

एक मई को पटौदी अनाज मंडी में विजय संकल्प रैली होगी, इसमें भी पूर्व सीएम मुख्य अतिथि होंगे। तीनों बड़े कार्यक्रमों को लेकर बैठक में रूपरेखा तैयार की गई और कार्यकताओं को जिम्मेदारियां दी गई। बैठक में जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि गुरुग्राम विधानसभा की भीम नगर में होने वाली विजय संकल्प रैली ऐतिहासिक होगी। यह रैली सायं 5 बजे होगी। डा. गजेन्द्र गुप्ता ने बताया कि बैठक में संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि 26 अप्रैल को गुरुग्राम विधानसभा की भीम नगर में होने वाली विजय संकल्प रैली ऐतिहासिक हो इसके लिए सभी कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा लोगों को रैली में लेकर आएं।

# परिवारवाद की राजनीति कर रहे हुड्डाः अरविंद शर्मा

## कांग्रेस के पास भ्रष्टाचार और परिवारवाद के अलावा कुछ नहीं: बीजेपी उम्मीदवार अरविंद शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**

झज्जरः भाजपा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस आलाकमान भी जान चुका है कि हुड्डा परिवार किस तरह से भय व परिवारवाद की राजनीति करता है। कांग्रेस के पास भ्रष्टाचार और परिवारवाद के अलावा कुछ नहीं है और कांग्रेस उम्मीदवार को मैदान में आने के बाद जमीनी हकीकत का पता चल जाएगा। शर्मा ने ये बात बुधवार को झज्जर व बहादुरगढ़ क्षेत्र में हुई सभाओं को संबोधित करते हुए कही। रोहतक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस शासन काल के भय व भ्रष्टाचार को प्रदेश की जनता नहीं भूली है और अब वोट की ताकत से जनता इसका जवाब देगी। देश व विदेश में भारत को प्रधानमंत्री मोदी ही मजबूत कर सकते है और किसी में यह ताकत नहीं है। देश की जनता भी यह समझ चुकी है और प्रदेश में 10 की 10 सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करेगी। सांसद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व गुरू बनने की और अग्रसर है और देश की जनता को प्रधानमंत्री की गारंटी पर पूरा विश्वास है। उन्होंने दावा किया हरियाणा की जनता मन बना चुकी है की तीसरी बार मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाकर लाल किले से मोदी ही झंडा फहराएंगे। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जो कांग्रेस अभी तक दस वर्षो में अपना संगठन नही बना पाई वो वाया दिल्ली होकर चंडीगढ़ जाना चाहते है, झूठ बोल कर जनता को गुमराह करके अनाप-शनाप बयान दे कर दोनो बापू बेटा अपनी मानसिकता का परिचय दे रहे है।

महिलाओं को 33 प्रतिशत लोकसभा विधानसभा में आरक्षण देना, तीन तलाक को खत्म करना तथा देश की सुरक्षा को मजबूत करना सहित अनेक ऐतिहासिक फैसले लिए है, जिसके चलते आज देश के लोगों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अटूट विश्वास बढ़ा है।

# गुरुग्राम में नि:शुल्क नेशनल कैंसर हेल्पलाइन नंबर किया गया लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्रामः कैंसर** मुक्त भारत अभियान कैंसर जागरुकता पर भारत का सबसे बड़ा अभियान कहा जाता है। इसने अब गुरुग्राम में कैंसर रोगियों के लिए एक निःशुल्क कैंसर हेल्पलाइन नंबर लॉन्च किया है। यह हेल्पलाइन नंबर देश के जाने माने कैंसर विशेषज्ञ से निःशुल्क सलाह प्रदान करेगी। कैंसर निदान और उपचार की जटिलताओं को समझने में रोगियों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करेगी। याद रखने में आसान हेल्पलाइन-9355520202 देश में किसी के लिए भी उपलब्ध है और कैंसर के खिलाफ लड़ाई में गेम-चेंजर साबित होने का वादा करती है। यह हेल्पलाइन सोमवार से शनिवार तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चालू रहेगी। कैंसर रोगी इस नंबर पर कॉल करके ऑन्कोलॉजिस्ट से सीधे बात कर सकते हैं या बिना कोई शुल्क दिए कैंसर के इलाज के बारे में चर्चा करने के लिए वीडियो कॉल भी कर सकते हैं। कैंसर मुक्त भारत का नेतृत्व कर रहे भारत में न्यूयॉर्क ऑन्कोलॉजिस्ट के नाम से मशहूर डॉ. आशीष गुप्ता ने कहा कि कैंसर पर जीत हासिल करने के लिए पहला कदम सबसे अच्छा कदम होना चाहिए। कैंसर के उपचार से पीड़ित लगभग सभी रोगियों को दूसरी राय की सिफारिश की जाती है। यह तब भी महत्वपूर्ण है, जब उपचार के बावजूद उनकी स्थिति में सुधार नहीं होता है या यदि उनका निदान या उपचार संदेह में है। कैंसर के इलाज के लिए, लागत अधिक हो सकती है। अस्पताल से अस्पताल में भिन्न हो सकती है, इसलिए लागत पर राय लेने का एक और महत्वपूर्ण कारण है। इस हेल्पलाइन नंबर को शुरू करने के पीछे का कारण साझा करते हुए डॉ. आशीष गुप्ता ने कहा कि भारत में कैंसर के मामलों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं और स्वास्थ्य देखभाल डॉक्टरों की कमी है, इसलिए मेरा भारत आना हमारे अपने देश की सेवा करने के लिए एक आह्वान था।

# कांग्रेस का घोषणापत्र तुष्टिकरण को बढ़ावा देने वाला : डॉ. कमल

## भाजपा के घोषणापत्र को जनता के लिए व जनता का बनाया बताया मंत्री ने. पत्रकार सम्मेलन में कांग्रेस के घोषणापत्र पर बरसे मंत्री डॉ. कमल गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसारः** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री एवं हिसार के विधायक डॉ. कमल गुप्ता ने कांग्रेस के घोषणापत्र को तुष्टिकरण का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अपने शासनकाल में देश को जाति व वर्ग में बांटने का काम किया। दूसरी तरफ भाजपा के घोषणापत्र में हर वर्ग के उत्थान का संकल्प लिया गया और यह घोषणापत्र जनता द्वारा, जनता के लिए बनाया गया घोषणापत्र है। वे बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बातचीत के दौरान वे कांग्रेस के घोषणापत्र पर जमकर बरसे और कहा कि कांग्रेस ने सदा ऐसा ही किया है। देश को जाति, धर्म, सम्प्रदाय व क्षेत्रवाद के नाम पर बांटकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकी है परंतु अब देश की जनता ऐसा नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि पहले भी कांग्रेस ने तुष्टिकरण को बढ़ावा दिया और भविष्य में उसके क्या इरादे हैं, ये कांग्रेस के घोषणापत्र में साफ झलक रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के युवराज अब मंदिरों में भी जा रहे हैं और घोषणापत्र के माध्यम से चुटकियों में गरीबी दूर करने का वादा कर रहे हैं लेकिन गरीबी दूर करने का वादा उनकी दादी ने किया

**बरसे गुप्ता**

**8 कांग्रेस ने हमेशा अपने शासनकाल में देश को जाति व वर्ग में बांटने का काम किया: डॉ. कमल**

था, वो तो ऐसा कर नहीं पाई, अब क्या ये युवराज अपनी दादी से बड़ा नेता है जो गरीबी को चुटकियों में दूर कर देगा। डॉ. कमल गुप्ता ने भाजपा घोषणापत्र को हर वर्ग का हितैषी व हर वर्ग का उत्थान करने वाला बताया। उन्होंने यह कहा कि यह घोषणापत्र जनता से लिए गए सुझावों के आधार पर तैयार किया गया है। ऐसे में यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भाजपा का घोषणापत्र जनता ने जनता के लिए तैयार किया है। उन्होंने कहा कि देश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षों में अभूतपूर्व तरक्की की है। किसान, मजदूर, युवा व ग्रामीण महिला सहित हर वर्ग के हित में योजनाएं लागू की है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से महिलाओं को धुएं से छुटकारा दिलवाया वहीं फसल बीमा योजना लागू करके किसान वर्ग को नुकसान से बचाया। यही नहीं, सोयल हेल्थ कार्ड लागू करके किसानों की जमीनों का स्वास्थ्य जांचने का अभूतपूर्व योजना भी सरकार ने लागू की। ।

## न्यूज फ्लैश

### तंबाकू मुक्त समाज बनाने के हेतु भाषण प्रतियोगिता का किया आयोजन

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: आज राजकीय** कन्या महाविद्यालय पलवल कुरुक्षेत्र में उच्चतर शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार , एंटी टोबैको सेल प्रभारी मिस पूजा रानी के नेतृत्व में तंबाकू मुक्त समाज बनाने के जागरूकता अभियान के तहत एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ,जिसमे विषय " धूम्रपान-मुक्त पीढ़ी: युवाओं को तम्बाकू न कहने के लिए सशक्त बनाना, जंजीरों को तोड़ना: तम्बाकू की लत पर काबू पाना, आदत छोड़ना: धूम्रपान-मुक्त जीवन शैली को प्रेरित करना, स्वास्थ्य का चयन करना, शराब का नहीं: संयमित जीवन शैली को अपनाना" पर छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए । जिसमें लगभग 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने तंबाकू के समाज व परिवार पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस भाषण प्रतियोगिता में क्रमशः अंतिम वर्ष की छात्रा आरजू ने प्रथम , बीए प्रथम वर्ष की छात्रा नेहा रानी ने द्वितीय एवं बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा प्रतिभा व नेहा ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या डॉ गगनदीप कौर ने आयोजक विभाग को प्रतियोगिता के सफल आयोजन की बधाई दी और कहा कि विकसित एवम समृद्ध भारत बनाने के लिए देश को नशा मुक्त करना आवश्यक है , और इसके लिए हमें निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए । प्रतियोगिता के प्रबंधन में डॉ सुनील थुआ की महत्वपूर्ण भूमिका रही । इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के तौर पर डॉ सीमा पांडे , डॉ सीमा देवी एवम मिस कोमल गर्ग उपस्थित रहे।



### मत का सही प्रयोग करने और असंगठित मजदूरों के अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि हालसा के वार्षिक एक्शन प्लान के तहत जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी के दिशा निदेर्शानुसार डीएलएसए द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अनुरूप भविष्य आपके हाथ में एक मतदान अधिकार अभियान और असंगठित मजदूरों के लिए हक हमारा भी तो है कैंपेन चलाया गया है। जिसके तहत लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है और साथ ही मजदूरों को उनके लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इस कैंपेन के तहत पैनल अधिवक्ता तुषार सैनी व पीएलवी अमनप्रीत द्वारा गांव सुनहेड़ी खालसा में लोगों को जागरूक किया गया। सीजेएम नितिन राज ने डीएलएसए के कहा इन कैंपों का उद्देश्य है लोगों को जागरूक करना उन तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना है।



# 'मानवता के प्रति समर्पित रहे'

## युवा सेवादारों के लिए निसंदेह प्रेरणा का स्त्रोत रहा: माता सुदीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा: निरंकार प्रभु** ने हमें यह जो मानव जीवन दिया है इसका प्रत्येक पल मानवता के प्रति समर्पित हो सके; परोपकार का ऐसा सुंदर भाव जब हमारे हृदय में उत्पन्न हो जाता है तब वास्तविक रूप में समूची मानवता हमें अपनी प्रतीत होने लगती है। फिर सबके भले की कामना ही हमारे जीवन का लक्ष्य बन जाता है। उक्त उद्गार सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने मानव एकता दिवस के अवसर पर समस्त श्रद्धालु भक्तों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। मानव एकता दिवस का पावन अवसर बाबा गुरबचन सिंह जी की मानवता के प्रति की गयी उनकी सच्ची सेवाओ को समर्पित है जिससे निरंकारी जगत का प्रत्येक भक्त प्रेरणा लेकर अपने जीवन का कल्याण कर रहा है। संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा आज संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग 207 स्थानों पर विशाल रूप में रक्तदान शिविर की श्रंखलाओं का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 50,000 युनिट रक्त संग्रहित किया गया। साथ ही



दिल्ली के ग्राउंड नं0 2 निरंकारी चैक, बुराड़ी में आयोजित रक्तदान शिविर में सभी रक्तदाताओं ने अत्यंत उत्साहपूर्वक स्वैच्छिक भाव से लगभग 15,00 युनिट रक्तदान किया। इस अवसर पर निरंकारी राजपिता रमित जी ने भी रक्तदान किया, जो मिशन के भक्तों एवं युवा सेवादारों के लिए निसंदेह प्रेरणा का स्त्रोत रहा। इन सभी रक्तदान शिविरों में रक्तदान से पूर्व की जाने वाली जाँच एवं स्वच्छता की ओर विशेष रूप से ध्यान दिया गया। इसके साथ ही रक्तदाताओं हेतु उत्तम रूप में जलपान की भी समुचित व्यवस्था की गई। इस अवसर पर रक्त संग्रहित करने हेतु विभिन्न अस्पतालों की टीम अत्यंत उत्साहपूर्वक रक्त संग्रहित करने हेतु सम्मिलित हुईं जिनमें मुख्यतः इंडियन रेड क्रास सोसायटी, एम्स, एम्स-सी.एन.सी, डा. राम मनोहर लोहिया, गुरु तेग बहादुर, एल. एन. जे. पी, हिन्दु राव, जी.बी.पंत, सफदरजंग, दीन दयाल उपाध्याय, श्रीमती सुचेता कृपलानी और डा. हेडगेवार अस्पताल इत्यादि सम्मिलित है। सभी डाक्टरों एवं आंगतुको ने मिशन की निःस्वार्थ भाव से की जा रही सेवाओ की भूरी-भूरी प्रंशसा की।

मानव एकता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर में जन समूह को सम्बोधित करते हुए सतगुरु माता जी ने फरमाया कि सेवा का भाव सदैव निष्काम ही रहा है। ऐसी भावना जब हमारे मन में बस जाती है तब हमारा जीवन वास्तव में मानवता के कल्याणार्थ समर्पित हो जाता है। ऐसा ही परोपकारी जीवन बाबा गुरबचन सिंह जी की दिव्य सिखलाईयों का आधार रहा है। निष्काम सेवा के सुंदर भाव का जिक्र करते हुए सतगुरू माता जी ने समझाया कि जब हमारे मन में निष्काम सेवा का भाव उत्पन्न हो जाता है तब यह संसार और भी अधिक सुंदर लगने लगता है क्योंकि तब हमारी सेवा भावना साकार एवं कर्म रूप में समस्त मानव परिवार के लिए वरदान बन जाती है। रक्तदान, मानव जीवन को बचाने हेतु की जाने वाली एक ऐसी सर्वोपरि सेवा है जिसमें परोपकार की निःस्वार्थ भावना निहित है।

## मुख्य सचिव टीवीएसएन ने की चिन्हित अपराध की समीक्षा



**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत: प्रदेश** के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने बुधवार को प्रदेश के सभी उपायुक्त के साथ चिन्हित अपराध व अन्य विषयों को लेकर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बातचीत की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वीसी में डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी विभिन्न टीमों ने 15542 बोतलें अवैध शराब पकड़ी है। डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में आगामी लोकसभा चुनाव व विधानसभा के उपचुनाव संबंधी कार्य बेहतर तरीके से चल रहा है। चुनाव प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक कमेटियों का गठन कर दिया गया है। ईवीएम की रेंडेमाइजेशन का काम जारी है। इसके अतिरिक्त सभी पीओ और एपीओ की ट्रेनिंग लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान अवैध रूप से इस्तेमाल किए जाने वाले कैश, अवैध शराब और ड्रग्स को रोकने के लिए निरंतर स्टेटिकल सर्विलांस टीम कार्य कर रही है। निरंतर अवैध शराब को पकड़ा जा रहा है। इंटर स्टेट नाके लगाए गए हैं, लगातार वाहनों की चैकिंग हो रही है। उन्होंने मुख्य सचिव को आश्वस्त किया कि चुनाव के दौरान इस तरह की अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए पुलिस पूरी मुशतैदी से कार्य करेगी।

**चिन्हित अपराध की भी की गई समीक्षा**

मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने चिन्हित अपराध से जुड़े मामलों की भी समीक्षा की। इस दौरान डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि जिले में 178 चिन्हित अपराध के केस हैं। इनमें से 78 केस एनडीपीएस, 18 केस पॉक्सो से संबंधित हैं।

## रबी फसल खरीद अभियान के तहत जिले की मंडियों में गेहूं की आवक बढ़ती जा रही

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत: रबी** फसल खरीद अभियान 2024 के तहत जिला की विभिन्न मण्डियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब तक जिला में स्थापित किए गए 12 खरीद केन्द्रों व मण्डियों में 239734 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 231599 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। डीएफएससी द्वारा 31789 मीट्रिक टन गेहूं, हैफेड द्वारा 96001 मीट्रिक टन गेहूं, एचडब्ल्यूसी द्वारा 83600 मीट्रिक टन गेहूं, एफसीआई द्वारा 3737 का उठान किया जा चुका है। सरकार की ओर से इस सीजन के लिए गेंहू की खरीद निर्धारित मूल्य 2275 रुपए प्रति किवंटल पर की जा रही है। गत दिवस मंगलवार सांय इस कुल आवक में से अहर में 6758 मीट्रिक टन गेंहू, बबैल केन्द्र पर 4176 मीट्रिक टन, बाबरपुर खरीद केन्द्र पर 15188 मीट्रिक टन, बापौली खरीद केन्द्र पर 20052 मीट्रिक टन, छिछड़ाना केन्द्र पर 10595 मीट्रिक टन हुई है।

## 'चुनावी डयूटी में गैर हाजिर होने वाले कर्मचारियों के खिलाफ होगी कार्यवाही'

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत: लोकसभा** 2024 के आम चुनाव को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से करने को लेकर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा हर प्रकार की तैयारियां की जा रही है। बुधवार को जीटीरोड स्थित आर्य.पी.जी. महाविद्यालय के सभागार में सुबह व सायंकाल में दो चरणों में लोकसभा चुनाव पायलट रिहर्सल किया गया। रिहर्सल में जिन कर्मचारियों व अधिकारियों की डयूटी चुनाव में लगाई गई है उन्हें चुनाव की डयूटी संबंधित आर्डर भी दिये गये और ईवीएम का प्रशिक्षण भी दिया गया। पायलट रिहर्सल में कुछ जरूरी जिम्मेदारियां भी पोलिग अधिकारियों को सौंपी गई। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.वीरेंद्र कुमार दहिया ने रिहर्सल में पहुंचे पीओ व एपीओ को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान किसी अपरिहार्य स्थिति मे अधिकारियों द्वारा मैसेज भेजने पर 5 मिनट में फोन पर जवाब दिया जाएगा व 15 मिनट में उन्हें प्रशासन द्वारा मदद दी जायेगी। लोकसभा चुनाव को हव्वा ना माने। प्रशिक्षण को सही तरीके से करें ताकि चुनाव में किसी भी प्रकार की परेशानी ना उठानी पड़े। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण कराने को लेकर पूरी मानसिक व शारीरिक रूप से तैयार रहें। मतदान के दिन मतदाताओं के साथ मधुर व्यवहार करना है व अपनी डयूटी के प्रति किसी भी प्रकार की कौताही नहीं बरतनी है। पोलिंग पार्टी को समय पर बूथों पर पहुंच कर अपनी जिम्मेदारी को निभाना है। ईवीएम को अकेले नहीं छोड ?ा है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जो कर्मचारी व अधिकारी डयूटी के दौर गैर हाजिर रहेंगे आयोग उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करेगा इसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मतदान केंद्रों पर महिलाओं की भी डयूटी लगाई गई है। मतदान का समय सवेरे सात बजे से सायं छः बजे तक रहेगा जिसमें हर कर्मचारी को चुनाव आयोग के निदेर्शों की पालना करनी होगी। उनके खाने ठहरने की पूरी व्यवस्था की जायेगी।



## 'निजी स्कूलों के वाहनों के ड्राइवर के होंगे ब्लड, आई और ड्राइविंग टेस्ट'

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत:** डीसी एवं जिला रोड सेफ्टी कमेटी के अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बुधवार को जिला सचिवालय के सभागार में आयोजित जिला रोड सेफ्टी की बैठक में सख्त निर्देश दिए कि जिले के सभी निजी स्कूलों के वाहन चालकों के ब्लड, आई और ड्राइविंग टेस्ट लिए जाएं और इसके बाद ही इन सभी ड्राइवर को क्लीन चिट दी जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी वाहन चालकों के आंखों के टेस्ट भी किए जाएं और यही नहीं इनसे गाड़ी को रिवर्स भी चलवा कर देखा जाए। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर डीटीओ डॉ नीरज जिंदल की ओर से एजेंडा प्रस्तुत किया गया जिस पर एक-एक कर उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की अगली बैठक में इन सभी बिंदुओं पर कार्रवाई कर इसकी रिपोर्ट साथ में जरूर लेकर आए। उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बैठक में उपस्थित सिविल सर्जन डॉक्टर जयंत आहूजा को निर्देश दिए कि वह पिछले तीन महीने की ऐसी रिपोर्ट तैयार करें जिसमें दुर्घटना स्थल से लेकर और सिविल अस्पताल तक एंबुलेंस में कितने पीड़ित व्यक्ति ले जाए गए हैं, कितने इस दौरान इलाज करा पाए और कितने की मृत्यु हुई है। यह सभी डाटा तैयार करें। इसके बाद एंबुलेंस को लेकर एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, एसडीम इसराना ज्योति मित्तल, सीटीएम टीनू पोसवाल, डीसीपी ट्रैफिक सुरेश सैनी, सहायक सचिव आरटीए शम्मी शर्मा सहित विभिन्न विभागों के और एनएचएआई से जुड़े अधिकारी भी उपस्थित रहे।



## शिक्षक संघ ने खंड शिक्षा अधिकारी को शिक्षकों की समस्याओं के बारे में ज्ञापन सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**शाहबाद :** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाहाबाद के प्रधान सुरेश पलवल द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी शाहाबाद डॉ श्याम सुन्दर आहूजा को शिक्षकों की समस्याओं के बारे में ज्ञापन देकर मांग की गई । इन मांगों में अभी हाल फिलहाल हुए शिक्षकों के स्थानांतरण के बाद स्कूलों में शिक्षकों की कमी होने के कारण उन स्कूलों में आंतरिक व्यवस्था करके शिक्षक उपलब्ध करवाएं । मिड डे मील में राशन समय पर पहुंचाया जाए और आटे की जगह गेहूं भिजवाना सुनिश्चित किया जाए।अध्यापकों के लंबित एलटीसी केस मांगे जाएं ।जिन विद्यालयों में पार्ट टाइम स्वीपर या चौकीदार नहीं है उनकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।इस अवसर पर खंड शाहबाद प्रधान सुरेश पलवल, महासचिव धर्मबीर, ऑडिटर विनोद मालरा, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार, संगठन सचिव अमित कुमार व बलजीत ठोल उपस्थित रहे।



### किसान के खेत से चोरों ने उड़ाए केबल व मोटर

**टीम एक्शन इंडिया / महेंद्रगढ़**

**गांव नांगल हरनाथ में** रात के समय चोर सरपंच के खेत से 60 फुट की केबल व एक पांच हार्स पावर की मोटर चोरी कर ले गए। पीड़ित किसान ने सदर पुलिस थाने में शिकायत देकर चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की हैं। पुलिस ने सरपंच पति की शिकायत पर मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी हैं। गांव नांगल हरनाथ निवासी अजेंद्र सिंह ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी अंग्रेज देवी गांव की सरपंच है। उसने अपने खेत में सिंचाई के लिए एक बोरवेल कराया हुआ है। जिसे चलाने के लिए उसने वहां पर सोलर प्लांट लगाया गया है। वह अपने खेत पर गया तो उसने देखा कि सोलर प्लांट से पानी के बोरवेल की केबल गायब है।

## बच्चों को अच्छी शिक्षा देनी चाहिए: शिक्षा अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**स्कूल में बच्चे कच्ची** मिट्टी की तरह आते हैं जिसको रूप देना एक अध्यापक का कार्य होता है। जिस तरह से एक कुम्हार कच्ची मिट्टी से घड़ा आदि तैयार करता है उसी तरह से एक अध्यापक के द्वारा भी बच्चों को अच्छी शिक्षा देनी चाहिए ताकि बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सकारात्मक रास्ते पर चलकर समाज को एक नई दिशा दे सके। उक्त बातें जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया वह जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राकेश बुरा ने मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता के चार दिवसीय प्रशिक्षण के उद्घाटन अवसर पर राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समलखा में कहीं। उन्होंने कहा कि हम सब का कर्तव्य है कि बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दें। उन्होंने कहा कि हम सबके द्वारा अधिक से अधिक बच्चों को स्कूल में दाखिल करवा कर अनपढ़ता को हराना है। इस अवसर पर डीपीसी अनीता डागर व खंड शिक्षा अधिकारी नीलम कुंडू ने संयुक्त रूप से कहा कि सभी अध्यापक बच्चों को शुद्ध हिंदी में बात करना सिखाए व साथ-साथ उनको अंग्रेजी के शब्दों का उच्चारण भी करवाए ताकि बच्चे आसानी से उन शब्दो पर अपनी पकड़ बना सके।

उन्होंने कहा कि कक्षा की शुरूआत शिक्षकों के द्वारा बच्चों के साथ छोटी कविता को हाव-भाव और लय में गायन करने के साथ होनी चाहिए ताकि बच्चा अपने कार्य को मनोरंजन के साथ कर सके। इस तरह की गतिविधि में सभी बच्चों को हिस्सा लेने के लिए उनका प्रोत्साहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बुनियादी साक्षरता का महत्वपूर्ण लक्ष्य है कि समझ के साथ पढ़े। बच्चा जब तक किसी पाठ को पढ़कर उसका अर्थ समझने लगे तब माना जाता है कि वह समझ के साथ पढ़ रहा है। इस अवसर पर प्रशिक्षण देते हुए खंड संयोजक सोनिया, एबीआरसी बबिता रानी, संतोष कुमारी, हरीश सिंह, रेनू, दीपक पीआरटी ने प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि जब तक बच्चा मानसिक रूप से पढ़ने के लिए तैयार नहीं होता तब तक वह अच्छी तरह से ज्ञान ग्रहण नहीं कर पाता।



## चुनावों को लेकर मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. ने ली उपयुक्त से बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: हरियाणा के** मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने बुधवार को चंडीगढ़ से आयोजित वी.सी. के माध्यम से उपायुक्तों व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों से चिन्हित अपराध, लोकसभा चुनाव के तहत चल रही तैयारियों व हीट वेव से बचने के तहत जो कार्य किये जाएंगे, उनकी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर उनके साथ पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल व अन्य उच्च अधिकारीगण मौजूद रहे।

वी.सी. की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव ने तमाम बिंदुओं बारे विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने चिन्हित अपराध के तहत सभी उपायुक्तों को कहा कि वे जिला स्तर पर बैठक लेना सुनिश्चित करें और बैठक के दौरान चिन्हित अपराध से सम्बन्धित जो भी केस होते हैं, उन केसों में और तीव्रता लाते हुए प्रार्थी को न्याय मिले, इस दिशा में कार्य करें। उन्होंने इस दौरान कनवैंशन रेट, एक्विटल के साथ-साथ पोक्सो एक्ट के तहत की जा रही कार्रवाई की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिश-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इन सभी केसों में हमें सावधानीपूर्वक एवं कानूनी नियमों के तहत कार्य करना है ताकि पीड़ित को समय रहते न्याय मिल सके। लोगों को न्याय दिलवाना हमारी जिम्मेदारी भी है। इसी प्रकार उन्होंने लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करवाने के दृष्टिगत जो कार्य किये जा रहे है, उनकी भी समीक्षा की। हीट वेव के तहत भी सम्बन्धित विभागों द्वारा जो कार्य किये जाते हैं, उनकी जानकारी लेते हुए समीक्षा भी की। उपायुक्त डा0 शालीन ने मुख्य सचिव को आश्वस्त किया कि वी.सी. में जो दिशा-निर्देश मिले हैं, उनकी अनुपालना के तहत सभी कार्यों में तेजी लाई जाएगी। वी.सी. को देखने और सुनने के उपरांत उपायुक्त ने हीट वेव के तहत सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में ओआरएस के पैकेट उपलब्ध करवाने बारे, गांवों में पशुओ के पीने के पानी की व्यवस्था बारे, स्वास्थ्य विभाग द्वारा एहतियात के तौर पर जो कार्य किये जाते हैं, उनको किये जाने बारे निर्देश दिये। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त अदिति, डीआरओ योगेश कुमार, डा0 सुखप्रीत, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीएफएससी जितेश गोयल के साथ-साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे।





**निर्देश**

8 हीट वेव से बचने के तहत जो कार्य किये जाएंगे, उनकी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये

## चुनावों को लेकर कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा0 शालीन के मार्गदर्शन में लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत पीठासीन अधिकारियों एवं वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों को आज चार जगहों पर शैडयूल के अनुसार चरणों अनुसार प्रशिक्षण दिया गया। स्वीप एक्टिविटी की नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने सभी जगहों पर जाकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्रशिक्षण के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी दी और कहा कि इस प्रशिक्षण से उन्हें चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन में काफी सहायता मिलेगी। स्वीप एक्टिविटी की नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन करवाये जाने के लिये उपायुक्त के मार्गदर्शन में बैठकों के साथ-साथ अन्य गतिविधियों के माध्यम से सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये जा चुके हैं। इसी कड़ी में आज पीठासीन अधिकारियों व वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। इस प्रशिक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनाव प्रक्रिया से जुड़े कार्यों जैसे फार्मों को भरना, चुनाव के दौरान उनके जो दायित्व एवं जिम्मेदारी तय की गई है।



## न्यूज फ्लैश


### नवीन जिंदल नहीं स्वीकार कुरुक्षेत्र बोले बार-बार : मधुसूदन बवेजा

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः किसान कांग्रेस** के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि अबकी बार गठबंधन की सरकार बनेगी और हरियाणा से भाजपा का बंटाधार होगा। 36 बिरादरी के लोग गठबंधन के साथ है। बवेजा ने भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल को घेरते हुए कहा कि पूर्व सांसद नवीन जिंदल कभी कुरुक्षेत्र के प्यारे थे, उनको कुरुक्षेत्र की जनता दिल से प्यार और आदर करती थी लेकिन अब वे जिस वाशिंग मशीन से होकर आए है उसके काले कारनामे जनता के सामने आ गए है। दस साल में बेरोजगारी, भ्रष्टाचारी, कालाबाजारी, महिलाओं पर अत्याचार, किसानों की फसलों पर एमएसपी ना देना, मजदूरों की मजदूरी मारी, महिला खिलाड़ियों की इज्जत उतारी, गरीबों की पेंशन मारी, छोटे-छोटे दुकानदारों पर अत्याचार, ना कोई शिक्षा ना शिक्षक, फिर भी नवीन जिंदल ने भाजपा की कमान संभाली। इससे जनता ने भी जाना कि जिंदल आमजन का हितकारी नहीं है केवल अपने ही बारे में सोचता है। गरीबों का हितकारी बनता है। बवेजा ने कहा कि अच्छा हुआ जिंदल का असली चेहरा जनता के सामने आ गया है। बवेजा ने कहा कि यदि नवीन जिंदल कुरुक्षेत्र लोकसभा की जनता का हितकारी होता तो वह उस समय कहां था जब कुरुक्षेत्र बाढ़ में डूब रहा था। लोग पानी तक को तरस रहे थे। नवीन जिंदल तब कहां था जब कोरोना काल में लोगों की रोजी-रोटी का संकट बन आया था। लोगों को मदद की जरूरत थी।

### कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को अप्रैल में प्रदान किए गए दो पेटेंट

**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय को अप्रैल माह में भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा दो पेटेंट प्रदान किये गये हैं। अप्रैल माह में भारत के कार्बोक्सि मिथाइल सेलुलोज एस्टर आधारित ड्रग डिलीवरी सिस्टम और एपोप्टोसिस इंड्यूसिंग कंपोजिशन कॉम्प्रोमाइजिंग ट्रायजोलोथियाजोलिल-ट्रायाजोल बेंजीन का व्युत्पन्न हेतु केयू को दो पेटेंट प्रदान किए गए हैं। केयू को अब तक 22 पेटेंट प्रदान किए जा चुके हैं और इनमें से अधिकांश पेटेंट कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा द्वारा अनुसंधान के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा व बदलाव के बाद प्रदान किए गए हैं। कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ ने शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि पेटेंट का उद्देश्य नवाचार और नई प्रौद्योगिकियों के विकास को बढ़ावा देना है।

### शास्त्री नगर की महिला से स्नेचरों ने मोबाइल व पर्स झपटा

**मनीष कुमार**

**अम्बालाः अंबाला सिटी** में बाइक सवार 3 स्नैचर परिवार के साथ मार्केट जा रही महिला के हाथ से मोबाइल और पर्स छीनकर फरार हो गए। जब महिला के पति स्नैचरों का पीछा करने लगे तो एक्टिवा से गिर गए। वारदात अंबाला सिटी में मानव चौक के पास हुई।

अंबाला सिटी के शास्त्री नगर निवासी सचिन कुमार ने बताया कि वह मंगलवार रात पौने 8 बजे को अपनी पत्नी शालिनी के साथ एक्टिवा पर घर से मानव चौक की तरफ जा रहा था। जैसे ही वे सिटी मीडिया के दफ्तर के पास पहुंचे तो पीछे से बाइक पर 3 लड़के आए। बदमाश उसकी पत्नी के हाथ से 2 मोबाइल और पर्स छीनकर भाग गए।

# विदेश भी नरेंद्र मोदी के कार्यों की कर रहे सराहनाः सीएम नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। प्रदेश के** मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश में पिछले साढ़े 9 वर्षों में हर क्षेत्र में बदलाव आया है। जनता ने इन साढ़े 9 वर्षों में देश को बदलते देखा है। देश से जिस गति से तरक्की की है। आज विदेशों में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यो की सराहना कर रहे हैं। अब जनता की बारी है कि देश की जनता राष्ट्रहित में ऐतिहासिक फैसले लेने में नरेंद्र मोदी का साथ देगी और उन्हें फिर से प्रधानमंत्री बनाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को करनाल में कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने सदर बाजार में वैद्य देवेंद्र बत्तरा, मानव सेवा संघ में राम रतन, पुरुषोत्तम गार्डन में विकास कथूरिया व सेक्टर-7 में योगेश गोयल की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। जगह-जगह नायब सिंह सैनी को जनता ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने करनाल लोकसभा उप चुनाव में करनाल से लोकसभा भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल और करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। जनसभा में उपस्थित लोगों ने हाथ उठाकर भाजपा का साथ देने का आश्वासन दिया। जनसभा को संबोधित करते हुए नायब सिंह सैनी ने कहा कि करनाल की जनता ने 2014 से पहले का करनाल भी देखा है और अब 2024 का करनाल भी देख रही है। मनोहर लाल ने बखूबी अपनी जिम्मेदारी निभाई और प्रदेश के कल्याण के लिए निर्णय लिए और योजनाएं चलाई। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सेवा करने की यह जिम्मेदारी अब मुझे मिली है। लोगों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। सरकार दिन रात जनता के साथ खड़ी है। जनता का भाजपा में पूरा विश्वास है। करनाल की जनता मनोहर लाल का साथ देगी और उन्हें करनाल से सांसद बनाकर लोकसभा में भेजेगी। उप चुनाव में भी करनाल के लोग भारतीय जनता पार्टी को अपना आशीर्वाद देंगे। इस अवसर पर निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, वरिष्ठ भाजपा नेता जगमोहन आनंद, संजय बठला, माजसेवी बृज गुप्ता, मुकेश अरोड़ा, ईश गुलाटी, सुनील गुप्ता, सुनील गोयल, दिनेश शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## मानव मित्र मंडल ने 25 छात्रों को दी प्रोत्साहन राशि



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** मानव मित्र मंडल कुरुक्षेत्र द्वारा मंडल के संस्थापक प्रोफेसर रामरतन शर्मा के मार्गदर्शन में 25 छात्रों को एडीआर सेंटर कुरुक्षेत्र में प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। माननीय नितिन राज मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र मुख्य अतिथि के रूप में पधारे।इस अवसर पर नगर के समाजसेवी व्यक्तियों को भी सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि नितिन राज ने कहा कि मंडल का यह कार्य मेधावी छात्रों को स्वावलंबी, आत्मनिर्भर और स्वाभिमानी बनाने का सराहनीय प्रयास है। मेधावी छात्र आर्थिक दृष्टि से शिक्षा से वंचित न रहे, मंडल का यह सेवा कार्य वास्तव में ही आत्म संतोष प्रदान करता है। मिंडल के संयोजक भारतेंदु हरीश ने कहा कि मेधावी छात्रों का सर्वांगीण विकास ही हमारा ध्येय है।

## पुलिस कर्मचारियों को चोट मारने के 04 आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**




**कुरुक्षेत्र : जिला पुलिस** ने सरकारी काम में बाधा पहुँचाने व पुलिस कर्मचारियों को चोट मारने के 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं । अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने सरकारी काम में बाधा पहुँचाने व पुलिस कर्मचारियों को चोट मारने के आरोप में नरेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश वासी कीर्ति नगर, अजय पुत्र बिट्टू वासी थानेसर, करण पुत्र बिंदु वासी कीर्ति नगर, कृष्ण उर्फ गोना पुत्र नन्दलाल वासी गांधीनगर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है ।जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 20 अप्रैल 2024 को पुलिस को सूचना मिली कि कीर्ति नगर में दो पक्षों में लड़ाई झगडा हुआ है । सूचना पर डायल-112 इआरवी संख्या एचआर-99-0451 मौका पर पहुंची जहां पर दोनों में पार्टियों में दोनो तरफ से ईट-पत्थर चल रहे थे । इसी दौरान उनकी गाड़ी पर भी ईंटें लगी और गाड़ी का शीशा टूट गया । उसके बाद पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देने पर थाना कृष्णा गेट व अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीमें मौका पर पहुंची । मौका पर 20/25 अज्ञात व्यक्तियों ने अन्धेरे का फायदा उठाकर अपने मकानो की छत व गली से पुलिस फोर्स पर पथराव शुरू कर दिया। ईंटों के पथराव से पुलिस टीम में शामिल उप निरीक्षक ऋषि पाल की आँख व अन्य शरीर पर काफी चोटे लगी।

## आज मैं आपको कुछ दे नहीं सकता.. अनिल विज

**टीम एक्शन इंडिया**



**अम्बालाः हरियाणा के** पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा अम्बाला छावनी विधायक अनिल विज ने लार्ड महावीर जैन पब्लिक स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यतिथि शिरकत की और उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। विज ने कहा कि मैं आज आपको कुछ दे नहीं सकता, क्योंकि मेरे पास जो देने वाली ताकत थी वह मेरे से ले ली गई है, मैं पूर्व में जब भी स्कूल आया कुछ न कुछ देकर अवश्य गया हूं। मगर आज भी मैं कुछ देकर ही जाऊंगा और आज मैं स्कूल को अपनी शुभकामनाएं देता हूं और आपको विश्वास दिलाता हूं कि मैं आपकी हर लड़ाई में आपके साथ खड़ा हूं। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज या सभ्यता के लिए शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण विषय है, शिक्षा आदमी को इंसान बनाती है और लार्ड महावीर जैन पब्लिक स्कूल शिक्षण संस्थान जो कार्य कर रही है वह उच्च स्तर का है। आज जो विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए वह उन्होंने देखे और इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्कूल प्रबंधन कितनी सटीकता एवं गंभीरता से कार्य करती है। शिक्षा का अर्थ केवल किताबी ज्ञान देना नहीं होता, शिक्षा का मतलब व्यक्ति को सभी प्रकार से सक्षम बनाना, उसे संस्कार, ज्ञान, शारीरिक कुशलता बनाना होता है। हमारे स्कूल मानव निर्माण की वर्कशॉप की तरह हैं और इसी में समाज तैयार हो रहा है और इसी से देश बदला है। उन्होंने स्कूल में महसूस किया कि यहां धार्मिक ज्ञान की बेहतर शिक्षा प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि जैन समाज अपने पर संयम रखकर साधना करते है और वह कई जैन परिवारों को जानते हैं जोकि संयम करते हैं। यह आसानी नहीं है मगर इससे पवित्रता, अनुशासन तथा ईश्वरीय शक्ति आती है। हमारे जितने तीर्थंकर हुए उनके दिए हुए ज्ञान से आत्मा शुद्ध होती है। जो बेहतरीन कृति है वह कलाकार तभी बनाता है जब वह पूरी तरह से अपने आप में खो जाता है। इसलिए एकाग्रता तभी होती जब हम हर प्रकार से पूर्ण ज्ञान बच्चों को दें। इससे पहले स्कूल पहुंचने पर पूर्व मंत्री अनिल विज का स्वागत स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विजय कुमार जैन, रमन जैन, विवेक जैन एवं अन्य सदस्यों ने किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री अनिल विज ने स्कूल में विभिन्न कक्षाओं के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया तथा उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी।

## चुनावों के अंतर्गत पीओ तथा एपीओ के तीसरे समूह को दी ट्रेनिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। लोकसभा और** करनाल विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत आज यहां डा. मंगलसेन सभागार में पीठासीन (पीओ) और सहायक पीठासीन अधिकारियों (एपीओ) के तीसरे समूह को ट्रेनिंग के नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक चौधरी ने प्रशिक्षण दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे चुनाव संबंधी हैंडबुक का भी अध्ययन करें, ताकि डयूटी संबंधी हर बिंदु स्पष्ट हो सके। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने मतदान खत्म होने पर ईवीएम तथा वीवीपैट को सील करने के तरीके की जानकारी दी। चौधरी ने बताया कि चुनाव संबंधी सामग्री को इस बार छह श्रेणियों में बांटा गया है। किस लिफाफे में कौन सा फार्म डाला जायेगा यह भी स्पष्ट किया गया है। उन्होंने कहा कि मतदान से एक दिन पहले बूथों पर पहुंचने के बाद फार्मों को भरने की कुछ औपचारिकतायें पूरी की जा सकती हैं, इससे उनका समय बचेगा। उन्होंने कहा कि एक बस में जितनी भी पोलिंग पार्टियां बूथों पर पहुंचेंगी उसी बस पर उन्हें लौटना है। बहुधा एक स्कूल में तीन से चार मतदान केंद्र होते हैं। यदि किसी एक बूथ पर समय पर मतदान खत्म हो जाता है और दूसरे पर लंबी लाईन लगी है तो पहले वाले बूथ के कुछ कर्मचारियों को मदद के लिये वहां भेजा जा सकता है। पुलिस अथवा अर्ध सैनिक बलों के जवान भी ड्यूटी पर उनके साथ तैनात रहेंगे, ताकि किसी भी अप्रिय घटना के समय उनकी मदद ली जा सके। उन्होंने बताया कि जो नेत्रहीन मतदाता यदि ब्रेल लिपि पढने में सक्षम है तो उसे ब्रेल बैलेट पेपर उपलब्ध कराया जायेगा।

उन्होंने टेंडर वोट, चैलेंजिंग वोट, मतदाता पहचान पत्र के दस्तावेज, प्रयोग में लाये जाने वाले विभिन्न प्रकार के फार्म, पोस्टल वोट, माइक्रो पर्यवेक्षक, पोलिंग बूथ के अंदर प्रवेश करने वाले अधिकृत लोगों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पीओ तथा एपीओ को बताया कि वे अपने स्तर पर मतदान केंद्र के निर्धारित स्थान में बदलाव नहीं कर सकते। अपरिहार्य स्थिति में इसके लिये उन्हें पहले सहायक निर्वाचन अधिकारी को बताना होगा। ऊपर से मंजूरी मिलने पर ही इस दिशा में कोई कदम उठाया जा सकता है। जिस भी स्कूल/धर्मशाला/सामुदायिक केंद्र अथवा अन्य संस्था में पोलिंग बूथ बनाया गया है उसकी चारदीवारी से 200 मीटर की दूरी पर ही राजनीतिक दलों की ओर से निर्धारित आकार में टेंट लगाया जा सकता है। यदि इससे कम दूरी पर टेंट लगा है तो पीठासीन अधिकारी उसे हटवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ईवीएम व वीवीपैट को मतदान केंद्र की खिडकी के पास नहीं रखा जाना चाहिये और ईवीएम पर ऊपर से सीधी रोशनी नहीं पडनी चाहिये।

## मुक्ति का मार्ग है श्रीराम कथाः संत तुलसी महाराज



दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र : अमीन रोड स्थित पटियाला बैंक कॉलोनी के मनोकामना सिद्ध शिव मंदिर में मंगलवार सायं श्रीराम कथा का शुभारंभ किया गया। मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में सभी भक्तों की ओर से करवाई जा रही यह कथा एक मई तक प्रतिदिन सांय 4 से 7 बजे तक चलेगी और गुरुवार 2 मई को श्रीराम कथा विश्राम के साथ हवन व भंडारा होगा। शुभारंभ दिवस पर कलश यात्रा निकाली गई जिसमें कथा के यजमानों ने बारी-बारी से श्रीरामचरितमानस ग्रंथ को सिर पर धारण किया। कथा आयोजक एवं मंदिर के पुजारी पंडित उमेश पाठक ने मुख्य यजमानों बी एन शर्मा,सुनील सिंगला,एम के खन्ना,दर्शन पुरी,विनोद सिंगला,विशेष गर्ग,राहुल सिंगला और अश्वनी मित्तल से श्रीराम कथा पूजन संपन्न करवाया। सभी यजमानों ने व्यासपीठ की पूजा करके कथावाचक संत तुलसी महाराज( अयोध्या धाम) को तिलक लगाया। इस अवसर पर मुख्यातिथि संत हरिओम दास परिव्राजक ने कथा का दीप प्रज्वलित किया। शुभारंभ दिवस पर कथावाचक ने श्रीराम कथा का महात्म्य और पुत्रेष्टि यज्ञ प्रसंग सुनाया। प्रवचनों में कथावाचक ने कहा कि श्रीराम कथा सभी जीवों की मुक्ति का मार्ग है। संपूर्ण भारत की हिंदू धर्मपरायण जनता की भगवान श्रीराम में अटूट श्रद्धा और आस्था है।

## अग्निवीर की परीक्षा देने आए 2 युवकों की सड़क हादसे में मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः हरियाणा के** अंबाला कैंट में दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर पिकअप और बाइक की टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार 3 में से 2 युवकों की मौत हो गई। हादसा शास्त्री कॉलोनी कट के पास पड़ाव पुलिस थाने के सामने पुल पर हुआ। तीनों युवक अंबाला कैंट में एनएच-44 पर स्थित आसाराम स्कूल के सामने शाहपुर अग्निवीर का एग्जाम देने के लिए आए थे।



मृतक की शिनाख्त चरखी दादरी निवासी प्रवीण (19) व छछरौली निवासी अमीर अली (17) के रूप में हुई है। कअप गाड़ी अंबाला सिटी से मृत गायों को गौशाला से भरकर शाहाबाद की तरफ जा रही थी। पुलिस के मुताबिक, यमुनानगर के छछरौली निवासी अजय अपने साथ अमीर अली के साथ अंबाला कैंट अग्निवीर का एग्जाम देने के लिए आया था। यहां, एग्जाम खत्म होने के बाद चरखी दादरी निवासी प्रवीण ने लिफ्ट मांगी थी। इसके पश्चात वे बस स्टैंड की तरफ जा रहे थे।

## अपोलो प्रीमियर में चैंपियन हाउस ने ट्रॉफी जीता

**टीम एक्शन इंडिया**



**समालखाः अपोलो प्रीमियर** लीग के तहत खेला गया अपोलो के चारों सदनों के बीच फाइनल क्रिकेट मैच अपोलो इंटरनेशनल स्कूल पट्टी कल्याण के क्रिकेट मैदान में अपोलो प्रीमियर लीग के तहत विद्यालय के चारों सदनों के बीच क्रिकेट मैच का फाइनल मुकाबला हुआ। अपोलो प्रीमियम लीग की ट्रॉफी के लिए फाइनल मैच अचीवर और चैंपियन हाउस के बीच खेला गया जिसमें अचीवर ने टॉस जीते हुए पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया और और अपने प्रतिद्वंद्वी को 59 रन का लक्ष्य दिया । चैंपियन हाउस ने 5 ओवर और एक विकेट के नुकसान पर इस लक्ष्य को हासिल कर और प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्राफी पर कब्जा किया ।दूसरे स्थान पर अचीवर टीम रही ।तीसरे स्थान के लिए मुकाबला एस्पायर और चैलेंजर सदनों के बीच खेला गया जिसमें एस्पायर टीम ने टॉस जीतते हुए पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया और अपनी विरोधी टीम के लिए 37 रन का लक्ष्य रखा लेकिन मात देते हुए चैलेंजर ने चार ओवर में ही दिए हुए लक्ष्य को प्राप्त कर लिया और फाइनल के लिए तीसरे स्थान पर रहे। दर्शकों ने अपने-अपने सदनों के खिलाड़ियों का तालियों के साथ उत्साह वर्धन किया।प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने इस मौके पर विजेता टीमों को बधाई देते हुए खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। और भविष्य में भी विद्यालय में ऐसी ही प्रतियोगिताएं आयोजित करने की योजनाएं विद्यार्थियों से साझा की।इस मौके पर विद्यालय की कोऑर्डिनेटर अलका टंडन खेल विभाग के प्रमुख सुरेंद्र कपूर, क्रिकेट कोच वीरेंद्र सिंह ,कबड्डी कोच मनोज छोकर, फुटबॉल कोच मोहित और समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## बाबा जगतार सिंह ने बादशाही बाग में शुरू की कारसेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बालाः ऐतिहासिक** गुरुद्वारा बादशाही बाग ह्यजहां गुरु गोबिंद सिंह जी ने चिड़ियों से बाज लड़ाए थेह्न में लंगर की नई इमारत, दीवान हाल के लिए टक लगाया गया। इस दौरान बाबा जगतार सिंह जी (तरनतारन साहिब वाले), बाबा गुरमीत सिंह, हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह असंध, मेंबर टीपी सिंह, बाबा बलजीत सिंह दादूवाल सहित कमेटी के अन्य सदस्य व काफी संगत मौजूद रही। गुरुद्वारा बादशाही बाग में नया लंगर हाल, रिहायशी इमारत, बाग, पार्किंग का निर्माण किया जाना है। कारसेवा का टक लगाने के बाद कारसेवा वाले बाबा जी ने हरियाणा कमेटी की प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यों से संगत में उत्साह बढ़ेगा और संगत सिखी के साथ जुड़ेगी। इस दौरान जानकारी देते हुए हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी मेंबर टीपी सिंह ने बताया कि हरियाणा कमेटी गुरुद्वारा साहिबों के प्रबंध को संभालने के लिए पूरी शिद्दत से लगी हुई है। इसी कड़ी में आज कारसेवा आरंभ की गई है। जिसमें गुरुद्वारा साहिब में लंगर हाल की नई इमारत, पार्किंग, बाग, और रिहायशी कमरों का निर्माण किया जाना है। इसके साथ ही कमेटी गुरसिख बच्चों की पढ़ाई के लिए भी सराहनीय कदम उठा रही है। जिससे बच्चे पढ़ लिखकर जीवन में आगे बढ़ सकें। गुरुद्वारा साहिब में सेवा करने वाले प्रीतम सिंह ने बताया कि कारसेवा को लेकर संगत बहुत उत्साहित है। हम काफी समय से नए लंगर हाल की मांग कर रहे थे। जो अब साकार होने जा रही है। इस कार्यक्रम के लिए संगत पिछले कई दिनों से तैयारी कर रही थी। आज बाबा जी ने कारसेवा का टक लगाकर इमारत का कार्य आरंभ कर दिया। हमें विश्वास है कि संगत और कमेटी के सहयोग से बहुत जल्द ही लंगर हाल की नई इमारत बनकर तैयार हो जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि गुरुद्वारा बादशाही बाग साहिब में गुरु गोबिंद सिंह जी पधारे थे। इस जगह पर श्रद्धालुओं की बहुत श्रद्धा है। यहां हर महीने पूर्णिमा के दिन कीर्तन समागम होता है और अमृत संचार का आयोजन करवाया जाता है। बाबा बलजीत सिंह दादूवाल ने हरियाणा कमेटी के कार्यों की जमकर सराहना की। दादूवाल ने कहा कि हरियाणा कमेटी हरियाणा के सिखों के विकास के लिए काम कर रही है। आने वाले समय में जब भी चुनाव होंगे तो हरियाणा के सिखों की अपनी कमेटी बनेगी और हरियाणा के गुरुघरों का पैसा हरियाणा में रहेगा।

## वकीलों ने डीसी कार्यालय में डीसी के खिलाफ लगाए नारे

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बालाः कोर्ट परिसर** में एक वकील की मौत के बाद आज वकीलों ने वर्क सस्पेंड रखा। इसी वर्क सस्पेंड की एक कॉपी डीसी कार्यालय में भी भेजी गई। लेकिन डीसी ने रेजुलेशन की कॉपी को मानने से मना कर दिया। अंबाला बार एसोसिएशन के प्रधान चौधरी जबर सिंह व अन्य वकील डीसी कार्यालय पहुंचे और डीसी से मिलने का समय मांगा लेकिन डीसी ने मिलने से मना कर दिया। जिसके बाद वकील तैश में आ गए और डीसी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। प्रधान ने स्पष्ट किया कि हमारे रेजूलेशन का सेशन जज तक ऑनर करते हैं लेकिन डीसी ने इसे सिरे से नकार दिया। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से गलत है। इसी लिए हमने डीसी की कोर्ट का आज बॉयकाट किया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी द्वारा ऐसा करना पूरी तरह से अनुचित है।

## संपादकीय

# संयम के साथ सच का साथ दीजिए

**यह** कहावत एकदम सत्य है कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं' यदि सत्य सच्चाई नहीं होती तो मानव जीवन नहीं होता क्योंकि प्रगति पहाड़ झरना नदिया जंगल बुक और प्रकृति द्वारा दिए गए प्रतिशत के रूप में मानव सहित सांसारिक जीव जंतु प्राकृतिक सत्य की उत्पत्ति है' और यह भी सत्य है कि मनुष्य अपने लालच,स्पृहा, कामना,कपट के चलते असत्यता झूठ और फरेब का सहारा और वैशाखी लेकर त्वरित लाभ के लिए जीवन के भाव सागर में कूद पड़ता है परंतु सत्य ही अंतिम सत्य है परंतु आज की परिस्थितियों में सच्चाई जीवन के हर पहलू से अरे होती जा रही है। आज हम स्वयं दिग्भ्रमित हैं तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या नैतिक, संस्कारिक और सांस्कृतिक विरासत दे पाएंगे। आज के इस उत्तर आधुनिक समाज में जहां उपभोक्तावादी संस्कृति की प्रधानता के परिपेक्ष में भौतिक साधनों एवं सुखों के लक्ष्य की प्राप्ति की एकमात्र उपाय रह गई वहां भौतिकवाद तथा शारीरिक सुख की प्राप्ति का प्रचलन पूरे समाज में फैल गया है इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए झूठ फरेब एवं षड्यंत्र ने अपना जाल बुन रखा है' प्राचीन काल से हम आध्यात्मिक, संस्कारिक,सांस्कृतिक रूप से बढ़ रहे थे पर विकास की अवधारणा ने एक नया स्वरूप ले लिया है इन परिस्थितियों में समाज के सदस्यों ने झूठ और फरेब का सहारा लेना शुरू कर दिया है' भौतिकवाद सिर चढ़कर बोलने लगा है' व्यक्तिगत एवं सामाजिक आत्मीय संबंधों के मूल्य का तेजी से क्षरण होने लगा है' समाज के मूलभूत सिद्धांत तथा मूल्य गायब हो गए हैं। सामाजिक मूल्यों के खत्म होने की प्रक्रिया में सत्य बोलना कि एक मात्र साधन शेष रह गया है, किंतु वर्तमान समय में सच बोलना एक कठिन तप और तपस्या की तरह ही है। महात्मा गांधी के जीवन में भी उनके अध्यात्मिक दर्शन में सत्य अहिंसा मूल अवधारणा रही है उन्होंने इस सत्य को पहचाना और यह आशा प्रकट की कि यदि व्यक्तियों में सत्य के प्रति आस्था पैदा हो जाए तो सामाजिक नैतिकता का स्व'स्वयं उच्च स्तर को प्राप्त कर सकता है और सही मायने में सत्य ही मनुष्य के आचरण की ऊंचाई मानी जाती है। सत्य और अहिंसा पर चलने के लिए संयम, मनोबल, आत्मशक्ति और ऊर्जा ही एक बड़ा विकल्प है। सत्य और अहिंसा स्वाभिमान के प्रतीक है सत्य बोलने वाला मनुष्य स्वाभिमानी होता है दूसरी तरफ असत्य आत्मग्लानि का द्योतक है। कबीर दास जी ने भी सत्य को ईश्वर मानकर कई दोहों की रचना की है। नकारात्मक व्यवहार सामाजिक स्तर पर किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण दुर्गुण है क्योंकि इसका प्रभाव पूरे समाज एवं देश पर गंभीर परिणाम देने लगता है। झूठ बोलना और सच को नेपथ्य में धकेलना एक सबसे बड़ी सामाजिक बुराई के रूप में सामने आई है। इसीलिए सामाजिक रूप से झूठ को सबसे बड़ा पाप कहा गया है पाप इस अर्थ में कहा गया है कि यह हमें दिग्भ्रमित करके वंचित कर्तव्य एवं रोजमर्रा के आत्मीय व्यवहार से वंचित रखता है और असत्य कथन को समस्त बुराइयों अपराधों की जननी माना जाता है। हम भौतिकवादी मानसिकता से इतने अधिक ग्रसित हो गए हैं की पारिवारिक सदस्यों के बीच हमारे आत्मीय संबंध लुप्त प्राय होते जा रहे हैं और ऐसे बनावटी परिवेश में व्यक्ति तथा समाज अपनी भौतिक मानसिक विलासिता तथा सफलता के दायरे में सिमट कर रह गया है।

# कांग्रेस के घोषणापत्र पर आक्रामक भाजपा



मृत्युंजय दीक्षित

> इस बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जो अभी तक केवल अयोध्या, मथुरा, काशी और विरोधी दलों के माफिया प्रेम व कानून व्यवस्था की बात कर रहे थे वो भी बोल पड़े, कांग्रेस देश में शरिया कानून लागू करना चाहती है लेकिन यह देश संविधान से ही चलेगा शरिया से नहीं। योगी का कहना है कि बीजेपी को मिलने वाल एक- एक वोट कर्फ्यू से मुक्ति और बेटियों की सुरक्षा से गारंटी देता है। वही असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा का बयान आता है कि कांग्रेस के घोषणापत्र पर पाकिस्तान की छाप है। कांग्रेस के घोषणा पात्र और उसके स्टार प्रचारक के बयानों से तो यह तो स्पष्ट ही था कि अब कांग्रेस पूरी तरह से टुकड़े- टुकड़े गैंग और शहरी नक्सलियों के हाथ में चली गयी है लेकिन कन्हैया कुमार को टिकट देकर उसने इस बात को साबित भी कर दिया



**लोकसभा** चुनावों के प्रथम चरण का मतदान संपन्न हो चुका है । दूसरे चरण का प्रचार चरम पर है। प्रथम चरण के चुनावों में भाजपा नेतृत्व राम लहर और मोदी के करिश्माई नेतृत्व के बल पर अबकी बार चार सौ पार के नारे के साथ आगे बढ़ रहा था और चुनावी रैलियों में, सबका साथ, सबका विकास, सबके विश्वास के साथ एक बार फिर मोदी सरकार की बात की जा रही थी। भाजपा नेतृत्व अभी तक विपक्ष को परिवारवाद व उनके शासनकाल में किए गये अथाह भ्रष्टाचार और घोटालों की बात कर-के घेर रहा था लेकिन उसके मुस्लिम तुष्टिकरण पर सीधा प्रहार नहीं कर रहा था किन्तु कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र, राहुल गांधी व विपक्ष के नेताओं के कुछ आपत्तिजनक बयानों के बाद नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरी भारतीय जनता पार्टी अब कांग्रेस तथा विरोधी दलों के घोर मुस्लिम तुष्टिकरण या कहें कि हिन्दू घृणा के खिलाफ बहुत आक्रामक हो गयी है। मोर्चा स्वयं नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के समय में प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह के भाषण और कांग्रेस के घोषणापत्र में किए गए वादों पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने स्वयं खोला। भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में पहली बार विरोधी दल कांग्रेस के घोषणापत्र को ही आधार बनाकर उस पर इतना तीखा हमला बोला गया है। स्वाभाविक रूप से कांग्रेस और उसके साथी तिलमिला गए हैं और वह मुख्य धारा तथा सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी पर अर्मयादित शब्दावली का प्रयोग कर रहे हैं। कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री मोदी की शिकायत लेकर चुनाव आयोग भी पहुंचा है उधर भाजपा का प्रतिनिधि मंडल भी राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंच गया है। प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा के सभी बड़े नेता कांग्रेस के मुस्लिम प्रेम पर एक के बाद एक तीखा प्रहार कर रहे हैं जिससे कांग्रेस तिलमिला गई है । प्रधानमंत्री मोदी एक के बाद एक कांग्रेस की सरकारों में हुए हिन्दू विरोधी घटनाओं, निर्णयों, विवादों को उठा रहे हैं । प्रधानमंत्री ने सबसे पहले राजस्थान की एक जनसभा में कहा कि, कांग्रेस की नजर आम लोगों की मेहनत की कमाई पर है, प्रापर्टी पर है महिलाओं के मंगलसूत्र पर है। कांग्रेस ने इरादा जाहिर कर दिया है कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो लोगो के घरों, प्रापर्टी और गहनों का सर्वे कराएगी फिर लोगों की कमाई कांग्रेस के पंजे में होगी । कांग्रेस की नजर देश की महिलाओं के गहनों पर है, माताओं- बहनों के मंगलसूत्र पर है वो उसे छीन लेना चाहती है। कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र में उसके इरादे साफ जाहिर हो रहे हैं। अगर कांग्रेस की सरकार आई तो लोगो के बैंक एकाउंट में झांकेगी, लॉकर खंगालेगी, जमीन -जायदाद का पता लगायेगी और फिर सब कुछ छीनकर उसे घुसपैठियों और ज्यादा बच्चे वालों में बांट देगी। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस यह संपत्ति उन लोगों को बांटेगी जिन्हें मनमोहन सरकार ने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। इस बयान ने चुनाव के मैदान में तूफान आ गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को धार्मिक आधार पर मुस्लिम आरक्षण को लेकर भी घेरा है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में 2004 से 2010 के बीच मुसलमानों को दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों का हिस्सा काटकर उसमें से ही विशेष आरक्षण देने का भरसक प्रयास किया किंतु न्यायपालिका के हस्तक्षेप से कांग्रेस का यह विकृत पायलट प्रोजेक्ट लागू नहीं हो सका जबकि अब यही कांग्रेस भारत का संविधान बदलकर दलित, पिछड़ों, अतिपिछड़ों के अधिकारों में कटौती करके मुस्लिम आरक्षण देने की बात कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने ही बयानों से फंस जाते हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फुल टॉस गेंद फेंककर चुनाव के मैदान में चौके-छक्के लगाने का अवसर दे बैठते हैं। राहुल गांधी ने कांग्रेस का घोषणापत्र जारी हो जाने के बाद एक जनसभा में कहा कि, सत्ता में आने पर वह देश का एक्सरे कर देंगे। दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। पिछड़े, दलित, आदिवासी, गरीब, सामान्य वर्ग के लोगों को पता चल जाएगा कि इस देश में उनकी भागीदारी कितनी है। इसके बाद हम वित्त और संस्थागत सर्वे करेंगे और यह पता लगाएं कि हिंदुस्तान का धन किसके हाथों में है और इस ऐतिहासिक कदम के बाद हम क्रांतिकारी काम शुरू करेंगे। इस बयान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रन बनाने का सुनहरा अवसर दे दिया और वे हिंदुत्व को लेकर आक्रामक हो गए। इस बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जो अभी तक केवल अयोध्या, मथुरा, काशी और विरोधी दलों के माफिया प्रेम व कानून व्यवस्था की बात कर रहे थे वो भी बोल पड़े, कांग्रेस देश में शरिया कानून लागू करना चाहती है लेकिन यह देश संविधान से ही चलेगा शरिया से नहीं। योगी का कहना है कि बीजेपी को मिलने वाल एक- एक वोट कर्फ्यू से मुक्ति और बेटियों की सुरक्षा से गारंटी देता है। वही असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा का बयान आता है कि कांग्रेस के घोषणापत्र पर पाकिस्तान की छाप है। कांग्रेस के घोषणा पात्र और उसके स्टार प्रचारक के बयानों से तो यह तो स्पष्ट ही था कि अब कांग्रेस पूरी तरह से टुकड़े- टुकडे गैंग और शहरी नक्सलियों के हाथ में चली गयी है लेकिन कन्हैया कुमार को टिकट देकर उसने इस बात को साबित भी कर दिया। एक समय था कि राहुल गांधी के पिता राजीव गांधी व दादी इंदिरा गांधी ने जातिगत जनगणना को देश के लिए घातक माना था आज राहुल गांधी उन्हीं के विरुद्ध जाकर जातिगत जनगणना की बात कह रहे हैं। राहुल गांधी की असली मंशा जगजाहिर हो चुकी है। एक बात ध्यान देने योग्य यह भी है कि विपक्ष का गठबंधन तो बन गया है और उनकी तीन रैलियां भी हो चुकी हैं किंतु उसके पास प्रधानमंत्री कौन बनेगा इस बात को लेकर असमंजस है। विपक्षी दलों के घोषणा पत्रों में वैसे तो विरोधाभास है किंतु मुस्लिम तुष्टिकरण के मामले पर सब एक हैं। आज भाजपा को हिंदुत्व पर आक्रामक होने का अवसर किसी ने दिया है तो वह केवल और केवल कांग्रेस व इंडी गठबंधन के नेता ही हैं। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में मुसलमानों से कई वायदे किये हैं जिसमें उसने कहा है कि सत्ता में आने पर फैसले बहुसंख्यकवाद पर नहीं अल्पसंख्यकवाद पर आधारित होंगे। कांग्रेस के घोषणापत्र में कहा गया है कि हम अल्पसंख्क छात्रों और युवाओं को शिक्षा, रोजगार, व्यवसाय, सेवाओं, खेल, कला और अन्य क्षेत्रों मे बढ़ते अवसरों का पूरा परा लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित और सहायता करेंगे। कांग्रेस नेता चिदंबरम सत्ता में आने के बाद सीएए और एनआरसी को न लागू करने की बात कह रहे हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे का मानना धारा 370 से देश के दूसरे भागों का क्या लेना देना? कांग्रेस ने जातिगत जनगणना कराने के बाद 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा को भी बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित कर लिया है। भूलना नहीं चाहिए यही कांग्रेस की सरकार सांप्रदायिक हिंसा बिल लेकर आई थी जो अगर लागू हो जाता तो हिन्दुओं का जीवन दुरूह हो जाता, भाजपा के अथक प्रयासों से वह बिल लागू नहीं हो सका। एक समय था जब कांग्रेस के इंदिरा गांधी सरीखे नेता वामपंथियों को महत्व नहीं देते और कांग्रेस की अपनी विचारधारा थी। उस समय की कांग्रेस वामपंथी नेताओं का अपने हितों के लिए उपयोग भर करती थी, उन्हें अपने पास फटकने तक नहीं देती थी जबकि आज हालात ऐसे हो गये कि शहरी नक्सलियों ने कांग्रेस के भीतर ही अपनी जड़ों को मजबूत कर लिया है।

राहुल गांधी पूरी तरह से शहरी नक्सलियों के शिकंजे में आ चुके हैं। नक्सलियों व मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति के चलते ही कांग्रेस ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार कर डाला। कांग्रेस संविधान बचाओ के नाम पर भाजपा को घेरने का प्रयास कर रही थी किन्तु उसके घोषणापत्र ने उसकी कलई खोल दी और भाजपा को हिंदुत्व की राजनीति करने का अवसर दे दिया। वैसे भी आम नागरिक और भाजपा कार्यकर्ता दोनों ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आक्रामक छवि को अधिक पसंद करते है। परिणाम तो चार जून को आएगा किन्तु अभी कांग्रेस बैकफुट पर है ।

## कविता

### नेताओं का सुखी जीवन

नेताजी ने जैसे ही कहा
भाइयों, बहनों और मितरों,
मुझे याद आ गया 43 बी सी का
महान दार्शनिक सिसरों,
तभी बता दिया था बातें उचित,
जो आज के जमाने में बैठता है सटीक,
गरीब पसीने से निखरता है,
दिन भर हाड़तोड़ काम करता है,
मेहनत करके भी नहीं कर पाता
अपने परिवार का भरण पोषण,
जबकि अमीर आराम से कर लेता है
उसी गरीब का शोषण,
सैनिक मुस्तैदी से ख्याल रखता है
देश के सभी कोनों का,
साथ ही रक्षा करता है इन दोनों का,
बचाकर भले न रख पाए
करदाता सोच भविष्य के दिनों को,
लेकिन भुगतान कर जिलाता है तीनों को,
कुछ हैं जो ऐश के साथ जीते हैं,
इन चारों के नाम पर खूब पीते हैं,
बैंकर जैसे ही घर से छूटता है,
इन पांचों को आसानी से लुटता है,
वकील को नहीं होता परवाह,
मिलेगी दुआ या फिर आह,
वो इन छःहों को करता है गुमराह,
डॉक्टर का चेहरा तब खिलता है,
जब सभी सातों से बिल वसूलता है

राजेन्द्र लाहिरी

### सका जूता उसके सर

रेखा शाह आरबी

**जूते** पैरों की आन बान शान होते हैं। जूते पहले हमारे देश में आम आदमी को बनाने का अधिकार था । तो ज्यादातर उसे ही खाने का भी अधिकार था। कोई भी उसे जूता खिला देता था। स्कूल में गुरुजी ,घर में बाबूजी, तो कभी बड़े भाई बहन और कभी-कभी तो अड़ोसी पड़ोसी तक खिला देते थे। पहले लोग बुरा भी नहीं मानते थे। क्या होता था कि बनाने वाले भी अपने, खिलाने वाले भी अपने, खाने वाले भी अपने होते थे। तो बुरा क्या मानना था । और आजकल लोग बुरा इसलिए मानते हैं कि आजकल लोग अपनों को अपना नहीं मानते हैं । जूते आम-खास सब पहनते थे । जूते बनाने का ज्यादातर काम अब कुछ ब्रांडेड कंपनियों के पास है।तो जूते खाने का काम भी ज्यादातर ब्रांडेड लोगों के पास ही है। आम आदमी के पास खाने के लिए खाना नहीं है तो वह जूते क्या खाएगा। गरीब न ब्रांड वाले जूता पहनता है ना खाता है। और ना जूते वाली क्लास से उसको कोई सरोकार है।गरीब का कोई बांड नही होता है । जूता बहुत काम की चीज होती है । साथ ही यह दो मुही तलवार भी होता है । पैर में पड़ा हो तो इज्जत बढ़ा देता है। सर पर पड़ा तो बेहद निर्दयता से इज्जत उतार भी लेता है । हां इसके लिए ब्रांड से कोई लेना देना नहीं है । बिना ब्रांड के भी जूते वही काम करते हैं जो ब्रांडेड जूते करते हैं । जूते का सीधा संबंध हमारे सम्मान से कुछ यूं जुड़ा होता है। यदि घर में पड़ता है तो हमें सुधार देता है और यदि बीच बाजार पड़ता है तो मतलब हमारे सारे ग्रह नक्षत्र को बिगाड़ देता है।

जूते को कभी आम मत समझिए । जवानी के दिनों में अनेक दिल फेक आशिक मिजाज जब जब अपनी प्रेमिकाओं के गली में गए । तब तक अपनी जुल्फों के साथ-साथ अपने जूते भी चमका कर जाते थे । लेकिन उल्टा तब पड़ जाता था जब अपनी प्रेमिका के भाइयों के हाथ जूतारस का रसास्वादन किया । तब तब उन्हें प्रेम रोग से मोक्ष प्राप्त हुआ । और कितनों ने कई कई बार खाने के बाद मोक्ष प्राप्त किया। जूता एक उसके रंग अनेक होते हैं। कई बार हमे बचपन में पढ़ते हुए पाठ याद नहीं हो पाता था। लाख रट्टा मारे लाख सिर पीटे किंतु याद होने का नाम ही नहीं लेता था। सारे तंत्र मंत्र करके देख लेते थे। किताब में मोर पंख रखते। पुस्तक देवी को सौ सौ प्रणाम करते। लेकिन पाठ याद नहीं हो पाता था। लेकिन ज्यो ही बाबूजी का जूता सिर पर तबला बजाता । आश्चर्यजनक रूप से कुछ ही मिनटों में सब कुछ याद हो जाता था ।अतः यह सब भूला बिसरा याद कराने में सक्षम था । तो इस प्रकार जूता अव्यवस्थित याददाश्त को एक व्यवस्थात्मक प्रणाली में लाने का भी सहायक होता है। इतिहास गवाह है जब -जब बच्चों ने अपने बाप के हाथ में जूता देखा उनका सारा भूत प्रेत भाग जाता था। और उनकी सारी बुरी बीमारी है दूर हो जाती थी ।अतः जूता को बाल सुधार यंत्र भी कहा जा सकता है। जिसका न कल कोई तोड़ था ना आज कोई तोड है।

## विचार

### आज ही के दिन रंगीन हुआ था राष्ट्रीय चैनल दूरदर्शन

राजीव नन्दन मिश्र

**दूरदर्शन से** आज सभी लोग परिचित हैं। दूरदर्शन दो शब्दों से मिलकर बना है- दूर एवं दर्शन। नाम से ही स्पष्ट है दूर की चीजों को दृश्य करना दूरदर्शन है। दूरदर्शन को अंग्रेजी में टेलीविजन कहा जाता है जो लैटिन तथा यूनानी शब्दों से मिलकर बना है। यूनानी शब्द 'टेले' एवं लैटिन शब्द विजीओ। टेले का अर्थ दूर एवं विजीओ का अर्थ दृष्टि है। दूरदर्शन का मुख्यालय नई दिल्ली में हैं। यह भारत का आधिकारिक चैनल है एवं प्रसार भारती के दो प्रभागों में से एक है। इसे शॉर्ट फार्म में 'डी.डी' कहते है जो देश के सबसे बड़ा प्रसारण प्लेटफॉर्म है। दूरदर्शन जब ऑल इंडिया रेडियों से अलग हुआ उस समय उसे अपने एक अलग 'लोगो' की भी जरूरत थी। जो 'लोगो' आज हम चैनल पर देखते है उसका डिजाइन एन. आइ. डी के पूर्व छात्र देवाशीष भट्टाचार्य ने अपने आठ मित्रों के साथ मिलकर किया था। कुछ मीडिया जानकारीयों के अनुसार भट्टाचार्य ने सर्वप्रथम एक चित्र बनाया जो इंसान के आँख के आकार का था। उन्होने इस आँख के दोनो तरफ दो घुमावदार कर्व बनाये। यिन और यांग के आकार बनाये और बीच मे बने आँख वाले स्केच को देवाशीष भट्टाचार्य नेअपने शिक्षक विकास सातवलेकर को सौप दिया।

एन.आइ.डी के आठ छात्रों और छः फैकल्टी मेंबर्स के चौदह डिजाइन में से तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा भट्टाचार्य के डिजाइन को चुना गया। इसे चुनने के बाद एनिमेशन एन.आई. डी के ही एक अन्य छात्र आर.एल. मिस्त्री ने डिजाइन के लिए तैयार किया। उन्होने इस स्केच को कैमरे से शूट करते हुए बार-बार घुमाया और तब तक नहीं रूके जब तक वह स्केच 'लोगो' का अन्तिम रूप न ले लिया। इसी आँख को को डी.डी.आई के नाम से जाना गया।

दूरदर्शन के इस लोगो में सत्यम शिवम सुन्दरम शब्द देखने को मिलता है जिसका अर्थ बहुत ही व्यापक है। परंतु साधारणतया सत्य का अर्थ ईश्वर से, शिवम का अर्थ भगवान शिव से एवं सुन्दरम का अर्थ कला आदि सुन्दरता से संबंधित है। जब हम दूरदर्शन के लोगो से संबंधित जानकारी जान गये तो इस लोगो के साथ सुनायी देने वाले धुन के तरफ ध्यान जाना लाजमी है। यह धुन जो हम सुनते हैं उसे पंडित रविशंकर एवं उस्ताद अली अहमद हुसैन खान ने मिलकर बनाया। पंडित रविशंकर प्रख्यात सितार वादक व संगीतज्ञ थे। उन्हें भारत-रत्न, पद्म विभूषण, पद्म भूषण और कई अन्य अवार्ड प्राप्त हो चुके है। अली अहमद हुसैन खान शहनाई वादक थे। उन्हें संगीत नाटक अकादमी अवार्ड से नवाजा जा चुका है। उन्होने सन 1973 में दूरदर्शन के उद्घाटन कार्यक्रम में भी शहनाई बजायी थी। दूरदर्शन पर लोगो के साथ पहली बार बजने वाला धुन 1 अप्रैल 1976 को सुनी गयी थी।

आज जिस दूरदर्शन पर हम 24 घण्टे प्रसारण देखते हैं वह कभी सिर्फ आधे घण्टे से प्रारंभ हुआ था। इस आधे घंटे का प्रसारण भी सप्ताह में केवल तीन दिन होता था।

दूरदर्शन की शुरूआत 15 सितम्बर 1959 को हुआ था। उस समय इसका नाम टेलीविजन इंडिया हुआ करता था। आधे घंटे के प्रसारण में विकास एवं शिक्षा से जुड़े कार्यक्रम दिखाये जाते थे। यह मात्र एक परीक्षण कार्यक्रम था।

वर्ष 1965 में रोजाना प्रसारण प्रारम्भ किया गया। इसी वर्ष 5 मिनट का न्यूज बुलेटिन भी प्रारम्भ किया गया। तब टीवी सेट ब्लैक एंड व्हाइट अर्थात सादा हुआ करते थे। टी.वी उस समय घनी लोगों के लिए ही सामान्य बात हुआ करती थी परन्तु सामान्य आदमी के लिए यह कठीन था। यह बात जरूर थी कि टी.वी के बारे में सुनकर सभी के मन में देखने की जीज्ञासा थी। कार्यक्रम का प्रसारण देखने के लिए एक टीवी सेट के सामने अनेक लोग खड़े हो जाते थे। विकास की यात्रा आगे बढी और दिल्ली के बाद यह 1972 में मुंबई पहुँची। 1975 में यह चेन्नई और कोलकात्ता भी पहुंची। चारों महानगरों में अब दूरदर्शन की प्रसारण शुरू हो गया। वर्ष 1975 वो दौर था जब टेलीवीजन इंडिया का नाम बादल गया और इसका हिन्दी नामकरण दूरदर्शन हो गया। 1980 तक इसे देश के अन्य शहरों तक पहुंचाने की कोशिश हुई। 1975 तक सिर्फ यह देश के सात शहरों


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

### रैली एक, फसाने अनेक

डॉ. सुरेश कुमार

**कहते हैं** किसी से काम लेना हो तो पहले उसका मूड देख लेना चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि दुनिया के मार्केट में केवल शेयर ही नहीं सूरतें भी लुढ़कते हैं। हमारे मित्र बदनसीबलाल का मूड़ आज बहुत अच्छा है। जैसे ही मैं उनके यहाँ गया मुझे नाश्ता-वाश्ता करवाया और अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बोले - आज सुबह तुमने जंतर-मंतर की रैली वाली बात कर के मेरा दिल जीत लिया। आज मेरी सभी मुरादें पूरी होंगी। मैंने कहा झ अरे यार! तुम आदमी हो कि पैजामा? आज सूरज कहाँ से निकला है? मैं इससे पहले जब कभी रैलियों के बारे में कुछ कहता तुम भड़क उठते। भाषण देना शुरू कर देते कि यह रैली-वैली सब बेकार है। बड़े लोगों के टाइमपास करने का शगल और अपच को पचाने का बहाना है। और आज तुम्हीं रैलियों का नाम सुनकर विजयी स्वतंत्र उम्मीदवार की तरह नाच रहे हो। तबीयत तो ठीक है न? कहूँ तो डॉक्टर को बुला दूँ। बदनसीबलाल अपनी उफान मारती खुशी से चहक उठे और कहने लगे झ तुम्हें क्या पता रैलियों का सुख। इसके लिए भोगी बनना पड़ता है। वह भी सताने वाले लोगों का। रैली में अभिनेता या क्रिकेटर आते तो मैं नहीं जाता। आज जो आ रहे हैं उनसे मेरा गहरा नाता है। मेरी दुखती रग का वे ही इलाज हैं। वहाँ आने वालों को बखूबी पता है कि जंतर-मंतर कोई जलियांवाला बाग तो है नहीं कि उन्हें जनरल डायर भून देंगे। वे तो ऐसे हैं जो जनरल डायरों जैसे लोगों को अपनी बगल में दबाए घूमते हैं। अच्छा हुआ जनरल डायर अब नहीं रहा, अगर वह होता तो आज उसका जलियाँवाला बाग हो जाता। जो भी हो आज मैं इस रैली में उन लोगों से मिलूँगा जिनसे मुझे मिलने की एक अरसे से इच्छा थी। पता भी है यहाँ जनहित के बारे में बात करने वाले कैसे-कैसे लोग आने वाले हैं? सुनकर दंग रह जाओगे। रैली के मंच पर जितनी बड़ी मुंडी दिखायी देती है वह उतना ही बड़ा घपलेबाज होता है। नामधारी महाशय सारे भ्रष्टाचार के विरोध में फटाफट आगे आकर बैठ जाते हैं जैसे कि उन्होंने बड़े तीर मार लिए हों। वहाँ वह आदमी भी आएगा जिसने मुझे ऐसा बैंक चेक दिया था, जो अब तक बाउंस हो रहा है।

### माँ सरकार चली गई

डॉ. सुरेश कुमार

जीवन के आंगन में रखी कुर्सी पर बेरोजगार नामक अंकल बैठे थे। उन्हीं के पास उनके बच्चे भुखमंगालाल, लाचारीदेवी और निराशकुमार उन्हें ध्यान से सुन रहे थे। बेरोजगार अंकल बच्चों को अपने जीवन का एक किस्सा सुना रहे थे। वे कहने लगे बहुत पहले उनके घर के अड़ोस-पड़ोस में रोजगार लोग रहते थे। वे हर महीने वेतन उठाते और खूब मौज-मस्ती करते। मुझे भी उनकी तरह रोजगार करने की इच्छा होती।

लेकिन मुझे रोजगार करने का सौभाग्य नहीं मिला। मैं बस ललचाई आँखों से विज्ञापन देखता और छह महीने बाद रद्द हो जाने पर चुपचाप रह जाता। फिर एक दिन मैं और तुम्हारी बुआ डिग्री ने निर्णय किया कि कल कुछ भी हो जाए माँ सरकार से रोजगार लेकर ही रहेंगे। अगले दिन मैं उठा। लेकिन तुम्हारी बुआ डिग्री नहीं उठी। मैंने उसे डाँट-फटकारकर जैसे-तैसे उठाया। लेकिन माँ सरकार नहीं उठी। मैंने बगल के कमरे में सो रहे उम्मीद चाचा को आवाज देकर उठाया। लेकिन माँ सरकार नहीं उठी। मैं दौड़े-दौड़े बस स्टैंड गया। वहाँ जान-पहचान के ड्राइवर फिकर अंकल को बहुत दूर शहर में रहने वाले संकल्प भैया को यह बताने के लिए कह दिया कि माँ सरकार नहीं उठ रही है। दौड़े-दौड़े फिर घर लौटा। पड़ोस में भ्रष्टाचार, लूटपाट, स्कैम नामक तीन ताऊ रहा करते थे। उनकी माँ सरकार से बहुत जमती थी। फिर भी उनके पास जाकर मैं खूब रोया और गिड़गिड़ाया। उनके हाथ-पैर जोड़े। मिन्नतें कीं। घर पर चुपचाप लेटी माँ सरकार को उठाने की प्रार्थना की। आखिरकार वे तीनों घर पहुँचे। तीनों ने बारी-बारी से माँ की नब्ज टटोली। बड़े ताऊ भ्रष्टाचार ने मेरे कंधे पर हाथ रखते हुए गंभीरता से कहा झ बेटा बेरोजगार! तेरी माँ सरकार इस दुनिया में नहीं रही। वह हम सबको छोड़कर बहुत दूर चली गई है। अब उसे भूल जा। इतना सुनना था कि मैं और मेरी बहन छाती पीटकर रोने लगे।


# केजरीवाल को दी जा रही इंसुलिन की लो डोज

## एम्स के चिकित्सकों के परामर्श पर उन्हें दिन में दो बार इंसुलिन की लो डोज (दो यूनिट) दिया जा रहा






### 'कैदी को इंसुलिन की जरूरत है तो हमलोग उसका भी इंतजाम करते हैं'



कोई कैदी जिसे डायबिटीज है और उसके उपचार के लिए इंसुलिन की जरूरत है तो हमलोग उसका भी इंतजाम करते हैं। यदि कोई कैदी अपने लिए विशेष व्यवस्था की मांग करेगा तो यहां दिक्कत शुरू होती है। यदि सिंगल डोज से बात नहीं बनती है तब मरीज को डबल डोज, तीन डोज या चार डोज इंसुलिन दी जाती है-**डॉ. अंबरीश मित्तल, चेयरमैन व प्रमुख, इंडोक्रिनोलाजी**

**सीएम की सेहत**

**8 जांच के नतीजों के आधार पर चिकित्सक यह तय करेंगे कि इंसुलिन देने का सिलसिला जारी रखा जाए या फिर बंद करें**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मधुमेह की समस्या से जूझ रहे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का ब्लड शुगर नियंत्रण में रहे इसके लिए फिलहाल कुछ दिनों तक उन्हें इंसुलिन की लो डोज देने का फैसला चिकित्सकों ने किया है। सोमवार शाम से डोज दिए जाने की शुरूआत कर दी गई है। एम्स के चिकित्सकों के परामर्श पर उन्हें दिन में दो बार इंसुलिन की लो डोज (दो यूनिट) दिया जा रहा है। दोनों बार यह डोज खाने (लंच व डिनर) से पहले (प्री मिल) दिया जा रहा है। इस बीच दिन में करीब पांच बार उनका ब्लड शुगर जांचा जाएगा, ताकि यह पता चल सके कि इंसुलिन का कितना असर हो रहा है। करीब पांच दिनों तक किए गए जांच के नतीजों के आधार पर चिकित्सक यह तय करेंगे कि इंसुलिन देने का सिलसिला जारी रखा जाए या फिर इसे बंद कर दिया जाए। यदि जारी रखा जाए तो मात्रा कितनी होगी।

**एम्स के चिकित्सकों ने स्वास्थ्य पर की चर्चा:** जेल सूत्रों के अनुसार मधुमेह व इंसुलिन की जरूरत पर चर्चा के लिए एम्स के चिकित्सकों के साथ मुख्यमंत्री ने मंगलवार को चर्चा की। इस दौरान जेल अस्पताल के चिकित्सक भी मौजूद रहे। चर्चा के दौरान उनके ब्लड शुगर जांच के नतीजों को चिकित्सकों के समक्ष रखा गया। चिकित्सकों ने उन्हें अपने खानपान पर ध्यान देने की सलाह दी। इससे पहले भी मुख्यमंत्री एक बार एम्स के चिकित्सकों के साथ स्वास्थ्य विशेषकर मधुमेह नियंत्रण को लेकर चर्चा कर चुके हैं।

**इंसुलिन उपलब्ध नहीं कराने का आरोप:** मुख्यमंत्री को जेल में जरुरत के बाद भी इंसुलिन नहीं दिए जाने को लेकर आप कार्यकताओं ने रविवार को जेल के बाहर प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन में शामिल दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने जेल प्रशासन पर आरोप लगाया था कि तिहाड़ जेल प्रशासन मुख्यमंत्री को इंसुलिन नहीं दे रहा है, जबकि उनका शुगर लेवल लगातार बढ़ रहा है।शुगर लेवल बिना इंसुलिन के नियंत्रण में नहीं आ सकता है।

### आतिशी ने जेल प्रशासन, एलजी व भाजपा को आड़े हाथों लिया था

**आतिशी** ने इस पूरे प्रकरण पर जेल प्रशासन, एलजी व भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए साजिश रचने का आरोप लगाया था। प्रदर्शन के दौरान आप कार्यकर्ता अपने हाथों में इंसुलिन लेकर पहुंचे और जेलकर्मियों से कहा कि यह इंसुलिन मुख्यमंत्री के लिए वे लेकर आए हैं, लेकिन जेलकर्मियों ने इसे लेने से इंकार कर दिया। प्रदर्शन के दौरान आप नेताओं ने अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन दो और अरविंद केजरीवाल की जान से खिलवाड़ मत करो लिखे होर्डिंग्स भी अपने हाथों में ले रखे थे। आप कार्यकताओं द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन व तमाम तरह के आरोपों पर जेल अधिकारी बताते हैं कि जेल में डायबिटीज के करीब एक हजार मरीज हैं। इनमें से किसी भी मरीज ने इस तरह की कोई शिकायत नहीं की है। चिकित्सीय परामर्श के आधार पर हर मरीज के लिए समुचित स्वास्थ्य का इंतजाम होता है। जेल का अपना स्वास्थ्य तंत्र है, जिन कैदियों को किसी अन्य अस्पताल में भेजने की जरूरत समझी जाती है, उसे बाहर भेजकर उपचार दिया जाता है। कोई कैदी जिसे डायबिटीज है और उसके उपचार के लिए इंसुलिन की जरूरत है तो हमलोग उसका भी इंतजाम करते हैं। यदि कोई कैदी अपने लिए विशेष व्यवस्था की मांग करेगा तो यहां दिक्कत शुरू होती है। जेल में किसी के साथ भेदभाव नहीं होता है यहां सभी एकसमान हैं। यदि किसी कैदी के लिए अलग व्यवस्था का निर्देश कोर्ट दे तो ऐसा किया जाता है।



**दवा से जब न बने बात, तब दी जाती है इंसुलिन**

डायबिटीज दो तरह की होती है। डायबिटीज टाइप-एक में पैंक्रियाज से इंसुलिन नहीं बन पाती। इसलिए डायबिटीज टाइप-एक से पीड़ित मरीज इंसुलिन पर ही निर्भर रहते हैं। बच्चों व युवाओं में यह बीमारी अधिक देखी जाती है। डायबिटीज टाइप-2 में शुरूआत में दवा से ही इलाज होता है। डायबिटीज टाइप-2 से पीड़ित मरीजों को इंसुलिन तब दी जाती है जब शुगर दवा से नियंत्रित न हो और शुगर अधिक हो। इसलिए डायबिटीज टाइप-2 से पीड़ित मरीजों को इंसुलिन हमेशा के लिए स्थायी तौर पर नहीं दी जाती है। यह कुछ समय के लिए दी जाती है। शुगर नियंत्रित होने के बाद दवा दी जाती है। सिंगल डोज इंसुलिन में 80 यूनिट तक इंसुलिन दी जाती है। यह मरीज की स्थिति को देखकर तय किया जाता है। सिंगल डोज इंसुलिन से 20 से 30 घंटे शुगर नियंत्रित रहता है।

# 5जी नीलामी में गड़बड़ी!

= पीएम ने अपने दोस्तों में बांट दिया 15 लाख करोड़ रुपये', संजय सिंह ने केंद्र पर लगाया आरोप



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने अब 5जी स्पेक्ट्रम घोटाले के नाम पर भाजपा की केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा किया है।

उनका कहना है कि 2012 में 2जी आवंटन के दौरान भाजपा ने ही पहले आओ, पहले पाओ की नीति का विरोध किया था। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस नीति के बदले स्पेक्ट्रम की नीलामी करने का आदेश दिया था, लेकिन आज भाजपा की केंद्र सरकार अपनी ही सोच से पीछे हट गई है। आम आदमी पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर उन्होंने आरोप लगाया कि पहले तो केंद्र ने 150 सांसदों को निलंबित कर संसद में फिर से पहले आओ, पहले पाओ की नीति पास करा ली। और अब सुप्रीम कोर्ट से भी इसे मंजूरी दिलाने में लग गए हैं।

प्रधानमंत्री ऐसा केवल अपने कुछ दोस्तों को फायदा पहुंचाने के लिए कर रहे हैं, लेकिन आप देश की जनता को मूर्ख नहीं बनने देगी और भाजपा के मंसूबे भी कामयाब नहीं होने देगी। उन्होंने कहा, "भाजपा की केंद्र सरकार और पीएम ने अपने दोस्तों में देश का 15 लाख करोड़ रुपया बांट दिया। साढ़े तीन लाख

**आदेश**

**8 स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने कहा कि केजरीवाल को जेल के अंदर जरूरी इलाज उपलब्ध कराया जाए**

## सीएम केजरीवाल की सेहत के साथ खिलवाड़ क्यों?'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और इंसुलिन न देने के खिलाफ आम आदमी पार्टी डॉक्टर विंग और नेताओं प्रदर्शन किया। आप डॉक्टर विंग ने भाजपा के खिलाफ जमकर की नारेबाजी और ह्यजेल का जवाब वोट सेह्न देने के लिए लोगों को जागरूक किया। पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से आप उम्मीदवार कुलदीप कुमार ने कहा कि भाजपा निष्पक्ष चुनाव से भाग रही है, तभी बिना सबूत और बरामदगी के दिल्ली के बेटे अरविंद केजरीवाल को जेल में रखा हुआ है।

# तिहाड़ के मुलाकाती जंगले में हुई सीएम केजरीवाल और सौरभ की मुलाकात

**मीटिंग**

**8 दिल्ली की जनता को चिंता करने की जरूरत नहीं है, मुख्यमंत्री ठीक हैं और मजबूत हैं: सौरभ**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। आज आतिशी को केजरीवाल से मिलना था, लेकिन उनकी बैठक को रद्द कर दिया गया। सौरभ भारद्वाज ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद कहा कि चर्चा बहुत हुई पर यहां नहीं बता सकता। सौरभ भारद्वाज ने जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात के बाद कहा कि दिल्ली की जनता को चिंता करने की जरूरत नहीं है, मुख्यमंत्री ठीक हैं और मजबूत हैं। करीब आधे घंटे की चर्चा किस-किस मुद्दे पर बात हुई, इस पर उन्होंने कहा कि कई चचाएं हुईं, लेकिन इसे सभी के सामने नहीं कहा जा सकता है। दोनों के बीच भेंट मुलाकाती जंगले पर हुई। यह बात माइक्रोफोन के माध्यम से हुई।

**संजय सिंह ने तिहाड़ प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप:** संजय सिंह ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ऐसा व्यवहार ब्रिटिश शासन में भी देखने को नहीं मिला था।

## निर्माणाधीन फ्लाईओवर पर लटका मिला युवक का शव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के अमन विहार इलाके में बुधवार सुबह **निर्माणाधीन** फ्लाईओवर पर एक युवक का शव संदिग्ध हालत में लटका मिला। शव लटका देखकर राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। शव फ्लाईओवर की रेलिंग से लटका था। शव को नीचे उतारकर उसे संजय गांधी अस्पताल की मोर्चरी भेजा गया। जांच में युवक की पहचान हरप्रीत (35) के रूप में हुई है। पुलिस ने बुधवार को ही परिजनों की मौजूदगी में हरप्रीत के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिवार के हवाले कर दिया। शुरूआती जांच के बाद पुलिस आत्महत्या की आशंका जता रही है। पुलिस को मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

# केजरीवाल को ईडी के जवाब का प्रत्युतर देने की मिली मोहलत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ ईडी की शिकायत पर एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की ओर से जारी समन के खिलाफ दायर याचिका पर ईडी की ओर से दाखिल जवाब का प्रत्युत्तर देने के लिए समय दे दिया है। स्पेशल जज राकेश स्याल ने मामले की अगली सुनवाई 14 मई को करने का आदेश दिया। आज सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से ईडी के जवाब का प्रत्युतर देने के लिए समय देने की मांग की गई जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। कोर्ट ने केजरीवाल को दो हफ्ते से अंदर प्रत्युत्तर दाखिल करने का निर्देश दिया। ईडी ने 30 मार्च को केजरीवाल की ओर से दाखिल याचिका पर अपना जवाब दाखिल किया था। केजरीवाल की गिरफ्तारी से पहले ईडी की शिकायत पर एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने केजरीवाल को समन जारी किया था। केजरीवाल ने सेशंस कोर्ट में इसके खिलाफ अर्जी दायर करते हुए अंतरिम राहत के तौर पर एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की कोर्ट में व्यक्तिगत पेशी से छूट की मांग भी की थी। सेशंस कोर्ट ने अपनी ओर से केजरीवाल को व्यक्तिगत पेशी में छूट से इनकार करते हुए इसके लिए एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की कोर्ट में ही अर्जी दाखिल करने को कहा था। हालांकि, एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की कोर्ट में चल रही कार्यवाही के खिलाफ केजरीवाल की याचिका को सेशंस कोर्ट ने लंबित रखा था, जो आज सुनवाई के लिए लिस्ट हुई थी।



**सुनवाई**

**8 आदेश को केजरीवाल ने सेशंस कोर्ट में चुनौती दी थी। ईडी ने दो शिकायतें की थी**

एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा की कोर्ट ने केजरीवाल को 16 मार्च को पेश होने का निर्देश दिया था। इसी आदेश को केजरीवाल ने सेशंस कोर्ट में चुनौती दी थी। ईडी ने केजरीवाल के खिलाफ दो शिकायतें की थी।

# यमुना विहार में दिनदहाड़े चाकू से गोदकर युवक की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** यमुना विहार में दो बदमाशों ने दिनदहाड़े चाकू से गोदकर एक युवक की हत्या कर दी। वारदात को उस वक्त अंजाम दिया जब युवक अपने दोस्त के साथ स्कूटी से कहीं जाने वाला था। मृतक की पहचान कारण के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जीटीबी अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के दोस्त माधव गंयल की शिकायत पर भजनपुरा थाना ने हत्या की धारा में प्राथमिकी की है। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल कर बदमाशों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। कारण परिवार के साथ भजनपुरा इलाके में रहते थे। परिवार में पिता पंकज, मां सुमन दो छोटी बहन स्नेहा और सिमरन है। दस दिन पहले ही करण ने यमुना विहार डी ब्लाक में काफी की दुकान शुरू की थी।

**वारदात**

**8 वारदात को उस वक्त अंजाम दिया जब युवक अपने दोस्त के साथ स्कूटी से कहीं जाने वाला था**

# राजकुमार चौहान ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने से पहले कांग्रेस का बड़ा झटका लगा है। शीला दीक्षित की कांग्रेस सरकार में 15 साल मंत्री रहे राजकुमार चौहान ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। वह उत्तर पश्चिमी दिल्ली से टिकट के दावेदार थे, लेकिन टिकट नहीं मिलने से आहत थे। उन्होंने प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया के व्यवहार को इस्तीफे का मुख्य कारण बताया है। कांग्रेस ने उत्तर पश्चिमी दिल्ली से उदित राज को चुनावी मैदान में उतारा है।



**राजकुमार चौहान के खिलाफ की गई थी शिकायत:** उत्तर-पश्चिमी दिल्ली से कांग्रेस प्रत्याशी उदित राज का विरोध कर रहे पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान के विरुद्ध शिकायत की गई। नरेंद्र नाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस की अनुशासनात्मक समिति ने पार्टी कार्यालय में एक बैठक की थी जहां इस शिकायत पर कार्रवाई का निर्णय सर्वसम्मति एआइसीसी पर छोड़ दिया गया। पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान पर उदित राज के खिलाफ गलत बोलने का आरोप लगा था।

मालूम हो कि इस बार दिल्ली की सभी सात सीटों के लिए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस सीट शेयरिंग फॉमूर्ला के तहत गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। इसमें आप ने चार और कांग्रेस ने तीन लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए तीन सीटों में से उत्तर-पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार, चांदनी चौक से जेपी अग्रवाल और उत्तर पश्चिमी दिल्ली से उदित राज को प्रत्याशी बनाया है।

**झटका**

**8 कांग्रेस प्रत्याशी उदित राज का विरोध कर रहे पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान के विरुद्ध शिकायत की गई**

# कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर बीजेपी का प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर और महिलाओं को प्रतिनिधित्व नहीं देने के खिलाफ विरोध मार्च प्रदर्शन किया। पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में भी लिया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं की पुलिस से नोक-झोंक भी हुई। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, 'कांग्रेस के घोषणापत्र में 'स्त्री धन' पर जो हमला है वह सीधे-सीधे देश के बहुसंख्यक समाज पर हमला है। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि उन्होंने अपने घोषणापत्र में लिखा है कि वे अगर सत्ता में आए तो देश का आर्थिक सर्वे कराएंगे। वे इस संपत्ति को किसे बांटना चाहते हैं? इस देश में हिंदू होना क्या गुनाह है? इनके मंगलसूत्र और गहने छीनकर कांग्रेस किसे देना चाहती है, राहुल गांधी इसका जवाब दें।'



# दिल्ली में तमिलनाडु के किसानों का खोपड़ियों के साथ प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** फसलों की कीमतों सहित विभिन्न मांग को लेकर तमिलनाडु के लगभग 200 किसान केंद्र सरकार के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी किसान कथित तौर पर आत्महत्या कर चुके किसानों की खोपड़ियां और हड्डियां भी साथ में लिए हुए हैं। इसी बीच एक महिला प्रदर्शनकारी किसान पेड़ पर चढ़ गई। बताया जा रहा है कि महिला आत्महत्या करने के लिए पेड़ पर चढ़ गई थी। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस व दमकल विभाग की टीम ने महिला को पेड़ से नीचे उतारने के लिए पहुंची है। महिला को पेड़ से उतारने की कोशिश की जा रही है। वहीं, प्रदर्शनकारी किसानों का कहना है कि अगर सरकार हमारी बात नहीं सुनती है तो हम वाराणसी जाएंगे और पीएम मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अपनी मांगों के लिए पहले भी विरोध प्रदर्शन किया है। हम प्रधानमंत्री के खिलाफ नहीं हैं या किसी राजनीतिक दल से हमारा कोई संबंध नहीं है। हम सिर्फ उनकी मदद चाहते हैं। किसानों का आरोप है कि पहले उन्हें प्रदर्शन की इजाजत नहीं दी गई, लेकिन बाद में उन्होंने कोर्ट से प्रदर्शन की इजाजत ले ली। किसान नेता ने कहा, "हम एक लोकतांत्रिक देश में रह रहे हैं और हमें विरोध करने का अधिकार



## सीबीआई ने पांच लाख की रिश्वत लेते हरियाणा पुलिस के इंस्पेक्टर सहित तीन को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने मंगलवार देर शाम हरियाणा पुलिस के एक इंस्पेक्टर व उसके दो साथी सहित तीन को पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। लिखित शिकायत के बाद सीबीआई द्वारा आरोपित को पकड़ने के लिए ट्रैप लगाया गया था। सीबीआई के मुताबिक आरोपित इंस्पेक्टर अपने साथियों के साथ रिश्वत की पहली किस्त के 5 लाख रुपये लेने के लिए मंगलवार देर शाम चंडीगढ़ सेक्टर 23 स्थित ज्वेलरी शॉप के पास पहुंचा था। वहां पैसे लेते ही सीबीआई ने हरपाल सिंह, जैनेन्द्र सिंह सहित इंसपेक्टर बलवंत सिंह को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीबीआई के मुताबिक हरियाणा पुलिस के इंस्पेक्टर बलवंत सिंह साइबर क्राइम में तैनात है। उसने शिकायतकर्ता से उसके खिलाफ मामले को दबाने के लिए 40 लाख रुपये मांगे थे। बाद में पांच लाख लेने को तैयार हो गया।

# के. कविता की नियमित जमानत याचिका पर 6 मई को कोर्ट सुनाएगा फैसला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बीआरएस नेता के. कविता की नियमित जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने 6 मई को फैसला सुनाने का आदेश दिया। कोर्ट ने 8 अप्रैल को कविता की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा था कि मनी लांड्रिंग के मामले में कविता को महिला होने की वजह से जमानत देने में किसी तरह की रियायत नहीं दी जा सकती है। सुनवाई के दौरान कविता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने ईडी पर आरोप लगाया था कि वो जांच एजेंसी नहीं, बल्कि प्रताड़ित करने वाली एजेंसी बन गई है। सिंघवी ने कहा था कि इस मामले की जांच पूरे तरीके से पक्षपातपूर्ण रही है। कविता फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। कविता को सीबीआई ने भी 11 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। सीबीआई के मुताबिक दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में कविता भी साजिश में शामिल थी। इसके पहले कविता आबकारी घोटाले के मनी लांड्रिंग के मामले में न्यायिक हिरासत में थी। सीबीआई ने इस मामले में कविता से 6 अप्रैल को न्यायिक हिरासत में पूछताछ की थी। कोर्ट ने 5 अप्रैल को सीबीआई को कविता से न्यायिक हिरासत में पूछताछ की अनुमति दी थी। ईडी ने कविता को 15 मार्च को हैदराबाद से छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया था। ईडी के मुताबिक इंडोस्पिरिट्स के जरिये 33 फीसदी लाभ कविता को पहुंचता था।



# खेल के क्षेत्र में हरियाणा का प्रदर्शन बेमिसाल: मनोहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पूर्व मुख्यमंत्री** एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल बुधवार को सुमित नरवाल वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से करनाल क्लब में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे और अंतराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं स्थानीय खिलाडियों से मुलाकात की। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने खिलाडिों का हौसला बढ़ाया और कहा कि प्रदेश सरकार ने हमेशा खिलाडियों का साथ दिया है और खेलों को बढ़ावा देने का काम किया है। सरकार ने खिलाडिों के हित में अनेकों योजनाएं चलाई गई हैं, जिनका पूरा लाभ खिलाडिों को मिल रहा है। इस दौरान खिलाडियों ने प्रदेश सरकार द्वारा खिलाडियों के लिए बनाई गई



खेल नीति और योजनाओं के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि खिलाड़ी सरकार को मजबूत करेंगे। खिलाडियों ने भाजपा का साथ देने का वादा किया। मनोहर लाल ने कहा कि खेल के क्षेत्र में हरियाणा का प्रदर्शन बेमिसाल रहा है। हर खेल में यहां के खिलाडियों ने कमाल किया है। सरकार ने खिलाडियों को तराशने के लिए स्कूल स्तर से ही उन्हें प्रोत्साहन देने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। इसी का परिणाम है कि प्रदेश के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्पधाओं में पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी हरियाणा के खिलाडियों की तारीफ कर चुके हैं और अब

**वोट की अपील**

**8 हरियाणा के खिलाड़ी भी मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अपना योगदान देंगे: मोदी**

हरियाणा के खिलाड़ी भी नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अपना योगदान देंगे। प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा की एक बड़ी जीत होगी। करनाल लोकसभा एवं विधानसभा उप चुनाव में जनता के आशीर्वाद से दो कमल खिलेंगे। कार्यक्रम के आयोजक सुमित नरवाल ने कहा कि आज हरियाणा के खिलाड़ी अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं और हरियाणा का नाम रोशन कर रहे हैं। भाजपा सरकार ने खिलाडियों को आगे बढ़ाने के लिए जो नीति और योजनाएं चलाई हैं, उसके लिए वे सरकार का धन्यवाद करते हैं इस अवसर पर विधायक हरविंद्र कल्याण, भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, कार्यक्रम के आयोजक सुमित नरवाल, अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी योगेश्वर दत्त, जितेंद्र सिंह, कैमला से ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले बलराज पंवार, पूर्व ओलंपियन सुमित सांगवान, अर्जुन अवार्डी जसबीर सिंह, दीपक हुड्डा, बबीता फौगाट, एश्यार्ड चैंपियन प्रवीन कुमार, इंटरनेशनल पैरा एथलीट रीना कुमारी, जूडो के वर्ल्ड कप प्लेयर अतर सिंह, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जसबीर सिंह, लखविंद्र मेहला, मनोज फोर सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद रहे।

# डा. मंगलसैन में आयोजित शिक्षक संगोष्ठी में शिक्षकों से किया संवाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पूर्व मुख्यमंत्री** एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के भविष्य निमार्ता हैं। शिक्षक के सक्रिय सहयोग के बिना किसी भी राष्ट्र का पुनर्निर्माण संभव नहीं है। शिक्षक सामाजिक परिवर्तन और सामुदायिक विकास के उत्प्रेरक हैं। वे छात्रों को सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने, विकास और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए ज्ञान और कौशल के साथ सशक्त बनाते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल डा. मंगलसैन सभागार में सहोदया स्कूल कॉम्पलेक्स द्वारा आयोजित शिक्षक संगोष्ठी में पहुंचे और शिक्षकों से संवाद किया।




मनोहर लाल ने कहा कि शिक्षा रोजगार परक हो, सरकार ने ऐसे प्रावधान किए हैं। बच्चों के लिए प्ले वे स्कूलों को बाल वाटिका बनाया गया है। यहां बच्चे खेल-खेल में पढा सीखेंगे। सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए कई सकारात्मक कदम उठाए हैं, जिसके परिणाम स्वरूप पिछले साढ़े 9 वर्षो में शिक्षा के क्षेत्र में बहुत परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि देश को आगे ले जाने के लिए लोकसभा चुनाव में अब शिक्षक भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में सहयोग करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक जो विकसित भारत का संकल्प लिया है उसमें सभी की भागीदारी आवश्यक है। मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा की सभी 10 सीटों पर कमल खिलेगा और उप चुनाव में नायब सिंह सैनी की भी एक बड़ी जीत होगी।

## न्यूज फ्लैश

### 2024 जावा पेराक का अनावरण: बेहतर प्रदर्शन और बेजोड़ आराम के साथ बॉबर के अनुभव में बढ़ोतरी

**नोएडा:** जावा पेराक ने हाल ही में लॉन्च किए गए 2024 अपने 334 सीसी के लिक्विड-कूल्ड इंजन में उल्लेखनीय एन्हांसमेंट पेश किया है। इन नई पेशकशों का उद्देश्य है, राइडर के अनुभव को बेहतर बनाना, जो ग्राहक-प्रेरित लर्निंग, नवोन्मेष और अनुसंधान एवं विकास में उत्कृष्टता के प्रति जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स की प्रतिबद्धता को उजागर करता है। उल्लेखनीय सुधारों में गियर टूथ में माइक्रो ज्योमेट्री मॉडिफिकेशन का क्रियान्वयन शामिल है, जिसके परिणामस्वरूप शोर, वाइब्रेशन और हार्शनेस (एनवीएच) स्तरों को कम करने के लिए बेहतर मेशिंग गुणवत्ता प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त, नए गियरबॉक्स कवर, गियरबॉक्स से रिफाइंड साउंड एमिशन में योगदान करते हैं, जिससे एनवीएच विशेषताओं और कुल मिलाकर राइड कम्फर्ट में बढ़ोतरी होती है। 2024 जावा पेराक में एक नया क्रैंकशाफ्ट भी है, जिससे इंजन स्ट्रेस के स्तर में काफी कमी आती है और इस तरह परिष्कृत राइड का आनंद मिलता है। सहज शिफ्टिंग और निर्बाध ट्रांजीशन के लिए असिस्ट एंड स्लिपर (ए एंड एस) क्लच के साथ नया पेराक एक प्रामाणिक बॉबर अनुभव प्रदान करता है। इसके अलावा, राइडर बेहतर गियर रेशियो और थ्रॉटल मैपिंग के साथ बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर सकते हैं, जो शहरी इलाकों में आवागमन से लेकर हाइवे क्रूजिंग तक विविध उपयोग की जरूरतों को पूरा करता है। अन्य उल्लेखनीय विशेषताओं में एक अपडेटेड पिस्टन स्कर्ट प्रोफाइल, बेहतर एनवीएच और कम घर्षण के लिए सिलिंडर ब्लॉक में कास्ट आयरन लाइनर, चुस्त हैंडलिंग के लिए स्पोर्टियर सस्पेंशन, उत्साही राइडर के लिए मजबूत चेसिस, बेहतरीन ब्रेकिंग क्षमता, 38 मिमी का बड़ा थ्रॉटल बॉडी डायामीटर शामिल हैं, साथ ही एक पेटेंटयुक्त ब्रीदर कैनोपी भी है जो तेल की खपत और उत्सर्जन कम करती है और इस सब से रखरखाव की कम लागत के साथ विश्वसनीय राइडिंग कम्पैनियन के रूप में पेराक की स्थिति मजबूत होती है।



### टाटा मोटर्स मैजिक के ग्राहकों की संख्या 4 लाख पहुंची

**नोएडा।** भारत के सबसे बड़े कॉमर्शियल वाहनों के निमार्ता, टाटा मोटर्स ने भारत की सबसे पसंदीदा टाटा मैजिक वैन के खुशहाल ग्राहकों की संख्या 4 लाख पहुंचने की उपलब्धि हासिल की है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, कंपनी ने अपने उपभोक्ताओं की सहूलियत को और बढ़ाने के लिए नया वैरिएंट मैजिक बाई-फ्यूल भी लॉन्च किया। अंतिम गंतव्य तक परिवहन की सुविधा प्रदान करने में विश्वसनीय, दक्ष और किफायती होने के लिए मशहूर, 10 सीटर टाटा मैटिक यात्रियों और ऑपरेटर्स के लिए एकदम उपयुक्त पसंद है। टाटा मैजिक की स्लीक डिजाइन, सुरक्षा और यात्रियों का आराम पिछले इतने सालों से जारी इसकी निरंतर सफलता के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। टाटा मोटर्स कॉमर्शियल व्हीकल्स के वाइस प्रेसिडेंट एवं हेड श्री आनंद एस. ने इस उपलब्धि के बारे में कहा, ह्लहम बहुउपयोगी मैजिक ब्रांड के लिए 4 लाख खुशहाल ग्राहकों की उपलब्धि हासिल करने बहुत खुश हैं। मैजिक भरोसे, दक्षता और कम्फर्ट की 4 लाख यात्राओं का जश्न मना रहा है और यह भारत में सार्वजनिक परिवहन का सबसे पसंदीदा प्रोडक्ट बना हुआ है। इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए, हमने अपने सेग्मेंट में पहली बार मैजिक बाई-फ्यूल लॉन्च किया है, जिसमें पेट्रोल की विस्तारित रेंज के साथ सीएनजी के फायदे भी हैं। इस नए वैरिएंट को सार्वजनिक परिवहन की उभरती जरूरतों को पूरा करने के साथ हमारे उपभोक्ताओं की मुनाफा कमाने की क्षमता और सुविधा को बढ़ाने के लिए बनाया गया है। हम अपने उपभोक्ताओं के सहयोग और निष्ठा के लिए आभारी हैं और उपभोक्ताओं को लगातार यातायात के बेहतरीन साधन प्रदान करने के लिए समर्पित बने हुए हैं। टाटा मैजिक कई उपयोगी फीचर्स के साथ आती है, जिसमें इको स्विच, गियरशिफ्ट एडवाइजर और बेहतरीन ड्राइवर एर्गोनॉमिक्स जैसे कई बेहतरीन फीचर्स शामिल हैं और इन सबका लक्ष्य स्वामित्व की कुल लागत को कम करना है।



मैजिक छात्रों और कंपनियों के स्टाफ को उनकी मंजिल तक पहुंचाने के लिए बिल्कुल परफेक्ट हैं। मैजिक बाई-फ्यूल 694 सीसी इंजन से लैस है और यह 60 लीटर के सीएनजी टैंक के साथ पांच लीटर के पेट्रोल टैंक में आता है। एक बार पूरी टंकी फुल होने पर यह 380 किलोमीटर तक चल सकती है। बेमिसाल परफॉर्मेंस और रख-रखाव की कम लागत के साथ मिलने वाली, मैजिक पर 2 साल या 72 हजार किमी की असाधारण वारंटी दी गई है।

# 21 लाख की 24 हजार लीटर अवैध शराब पकड़ी : उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। डीसी उत्तम सिंह** ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी विभिन्न टीमों ने 21 लाख रुपये की 24 हजार लीटर अवैध शराब पकड़ी है। इसके अतिरिक्त 20 लाख रुपये की 353 किलो ड्रग्स भी पकड़ी गई है। यह जानकारी उन्होंने बुधवार को मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली गई बैठक में दी। डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि जिले में आगामी लोकसभा चुनाव व विधानसभा के उपचुनाव संबंधी कार्य बेहतर तरीके से चल रहे हैं। चुनाव प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक



कमेटियों का गठन कर दिया गया है। ईवीएम की रेंडेमाइजेशन का काम पूरा कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त सभी पीओ और एपीओ की ट्रेनिंग लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान अवैध रूप से इस्तेमाल किए जाने वाले कैश, अवैध शराब और ड्रग्स को रोकने के लिए निरंतर स्टेटिकल सर्विलांस टीम कार्य कर रही है। निरंतर अवैध शराब को पकड़ा जा रहा है। इंटर स्टेट नाके लगाए गए हैं, लगातार वाहनों की चैकिंग हो रही है।

**आचार संहिता लगने के बाद 6 हजार लीटर लहान भी पकड़ी गई : दीपक सहारण**

वीसी के दौरान करनाल के एसपी दीपक सहारण ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान पुलिस ड्रग्स तश्करी पर लगातार शिकंजा कसे हुए है। अभी तक ड्रग्स तस्करी से जुड़े हुए 29 केस पकड़े गए हैं, जिनमें 6 केस में कमर्शियल मात्रा पाई गई है। उन्होंने बताया कि कुछ इलाकों में लहान भी पकड़ी गई है। पुलिस ने 6 हजार लीटर लहान पकड़ी है। इसके अलावा यूपी चुनाव में बिकने के लिए जा रही 1180 बीयर की पेटियां भी बरामद की हैं। उन्होंने मुख्य सचिव को आश्वस्त किया कि चुनाव के दौरान इस तरह की अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए पुलिस पूरी मुशतैदी से कार्य करेगी। मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने चिन्हित अपराध से जुड़े मामलों की भी समीक्षा की। इस दौरान डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि जिले में 112 चिन्हित अपराध के केस हैं।

# 'पानीपत में राशन डिपो घोटाला की जांच को दबा दिया गया'

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः पानीपत ग्रामीण** विकास मोर्चा के अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री के प्रधान सचिव रहे सतपाल राणा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर-के कहा है कि पानीपत में जो राशन डिपो घोटाला हुआ है उसकी जांच को दबा दिया गया है इस लिए यह जांच विजिलेंस के बजाय सीबीआई से कराने की मांग की है क्योंकि विजिलेंस इसकी निष्पक्ष जांच नहीं कर सकती उन्होंने कहा है कि यह घोटाला 20 लाख का न होकर के लगभग 100 करोड़ का है उन्होंने कहा है कि इस घोटाले में हरियाणा के एक मौजूदा मंत्री का भी हाथ है जिसके तार मंत्री के रिश्तेदारों और



निजी लोगों से जुड़े हुए हैं सीबीआई जांच में दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा उन्होंने कहा है कि एक ही परिवार के रिश्तेदारों और मित्रों के नाम पर 8-8 डिपो किसी पूर्व पार्षद की रिकमेंडेशन पर नहीं हो सकते।

# जल सरंक्ष मुहिम को लेकर कृषि विभाग की पहल

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः जिले** के भूजल को सुधारने के लिए कृषि विभाग की तरफ से किसानों को 15 जून से पहले धान की रोपाई न करने की अपील की है। साथ ही सीधी बिजाई को लेकर किसानों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। विभाग की तरफ से समय से पहले धान की रोपाई करने वाले किसानों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। बुधवार को विभाग की तरफ से गांव खेवड़ा में धान की रोपाई करने वाले किसान को नोटिस जारी किया गया है। विभाग जल्द ही उगाई गई धान को नष्ट करने के लिए आगामी कार्यवाही अमल में लायेगा। बता दें कि रबी सीजन अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। जिले के अधिकतर हिस्सों में गेहूं और सरसों की कटाई प्रक्रिया करीब 95 प्रतिशत पूरी हो चुकी है। खरीफ सीजन में मुख्य तौर पर धान की रोपाई व बिजाई की जाती है। धान उगाने में सिंचाई की अधिक आवश्यकता पड़ती है। मई माह में गर्मी अधिक होती है जिसके कारण भूजल का इस्तेमाल भी अधिक होता है। वहीं 15 जून के आसपास जिले में प्री मानसून की दस्तक हो जाती है। ऐसे में कृषि विभाग ने धान की रोपाई को 15 जून के बाद करने के निर्देश किसानों को दिए है।

# 'मनोहर लाल ने अल्पसंख्यकों को विकास कार्यों में पूरा हक दिया'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भाजपा अल्पसंख्यक** मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चौधरी जाकिर हुसैन जिले के गाँव ब्याना में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के बीच पहुंचे। चौधरी जाकिर हुसैन पूर्व विधायक व उनकी धर्मपत्नी नसीमा हुसैन एडवोकेट का अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सिकंदर सलमानी व मोर्चा के जिलाध्यक्ष वाजिद अली बल्हेड़ा के नेतृत्व में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने फूल मालाओं



के साथ जोरदार व भव्य स्वागत किया। जाकिर हुसैन ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने अपने साढे 9 वर्षों के कार्यकाल में अल्पसंख्यकों खासतौर पर मुस्लिमों के संपूर्ण विकास के लिए बहुत से कार्य किए हैं। उनका मुस्लिम बाहूल्य नूँह जिले से विशेष लगाव रहा है। उन्होंने मेवात क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी बड़ी परियोजनाएं देने का काम किया है।

# शादी समारोह में आए युवक की बाइक चोरी


**सोनीपतः राई थाना क्षेत्र के** गांव जाखौली में शादी समारोह में आए युवक का दो-पहिया वाहन चोरी हो गया। वाहन चालक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। बागपत निवासी प्रशांत ने बताया कि वह अपने मामा के घर गांव जाखौली में आया हुआ था। रात को अपनी बाइक को घर के बाहर खड़ा कर दिया। उसने रात दो बजे देखा तो उसकी बाइक नहीं मिली।

अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगतक रवाया।

# 'शिक्षक संगोष्ठी का कांग्रेस द्वारा विरोध करना गलत'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कुरुक्षेत्र भाजपा** प्रभारी एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगमोहन आनंद ने कहा कि भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता से कांग्रेस बौखला गई है और अनाप शनाप बयानबाजी और आरोप लगा रही है। कांग्रेस स्वयं अभी तक कोई उम्मीदवार घोषित नहीं कर पाई है। कांग्रेस नेता चुनाव लडने.से बच रहे हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि मनोहर लाल की जनता के बीच जो लोकप्रियता है, वह कम नहीं होने वाली। जगमोहन आनंद ने कहा कि यह कार्यक्रम गैर सरकारी था। एक भी सरकारी अध्यापक या सरकारी कर्मचारी इसमें शामिल नहीं हुआ। सहोदय स्कूल कॉम्पलेक्स जो कि



प्राइवेट स्कूलों व प्राइवेट शिक्षकों का मंच है। उसके माध्यम से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की चुनाव आयोग को पूर्व में सूचना दी गई थी। कांग्रेस द्वारा शिकायत किए जाने के बाद चुनाव आयोग ने स्पष्टीकरण मांगा था जो तत्काल दे दिया गया था। कांग्रेस ने बौखलाहट में झूठ का प्रपंच रचा है ताकि वह जनता को गुमराह कर सहानुभूति बटोर सके। करनाल भाजपा लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल के डा. मंगलसैन सभागार में आयोजित शिक्षक संगोष्ठी कार्यक्रम का कांग्रेस द्वारा विरोध करने व आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप पर जगमोहन आनंद ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है और अब वे आमजन द्वारा आयोजित कार्यक्रमों का भी विरोध करने लगे हैं। कांग्रेस के पास न तो कार्यकर्ता हैं और न ही संगठन। कांग्रेस ने केवल भाई.भतीजावाद को बढ़ावा दिया है और ये केवल एक पारीवारिक पार्टी बनकर रह गई है जहां कोई नहीं जाना चाहता। देश में भाजपा ही एकमात्र ऐसा संगठन है, जो हर कार्यकर्ता को बड़ी से बड़ी जिम्मेदारी और पद देखते ही देखते मिल जाता है। समारोह के आयोजक सहोदय स्कूल कॉम्पलेक्स के अध्यक्ष राजन कुमार लांबा ने कहा कि उनके द्वारा आचार संहिता का कोई उल्लंघन नहीं किया गया है। सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद चुनाव आयोग से अनुमति ली गई थी। पहले भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहे हैं। उनका संगठन गैर सरकारी है। इसलिए वे किसी भी राजनीतिक पार्टी व दल का समारोह आयोजित कर सकते हैं। कुछ लोगों ने बेवजह विरोध किया है, जो गलत है। किसी भी तरीके के नियमों की अवहेलना नहीं की गई है।

# हाइड्रा ऑपरेटर पर साथियों सहित हमला करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः अंबाला-दिल्ली रेलमार्ग** के पास 352 ए के खंड-2 में चल रहे निर्माण कार्य को करने वाले श्रमिकों से मारपीट कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप काम मामला सामने आया है।

घायल ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जाचं कर रही है। सहारनपुर यूपी निवासी इकलाक ने बताया कि वह लेबर का कार्य करता है। हाल में वह अपने साथियों के साथ रेलवे लाइन के पास 352 ए के खंड दो में चल रहे निर्माण कार्य में रेलवे फ्लाई ओवर बनाने का काम कर रहा है। गत 22 अप्रैल को बड़वासनी निवासी कलपेश जिसे सोहना के नाम से जानते है। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके दोस्त फैजान को मारना-पीटना शुरू कर दिया। बीच-बचाव करने पर उसके साथ भी मारपीट करना शुरू कर दिया। उसके बाद धमकी देकर फरार हो गए। घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज किए।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियां घर-घर पहुंचाएंगे कार्यकर्ता: विधायक प्रमोद

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः चौधरी** देशभर में हो रहे लोकसभा चुनावों हेतु भाजपा पूरी तरह तैयार नजर आ रही है, तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा पानीपत शहरी विधानसभा के कार्यकताओं ने जनता के बीच जाकर नरेंद्र मोदी की उपलब्धियाँ गिना रहे है,बीते बुधवार को मॉडल टाउन मंडल में पानीपत शहरी से भाजपा विधायक प्रमोद कुमार विज ने पन्ना प्रमुखों की बैठक मे शामिल होकर नरेंद मोदी की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए कहा कि आगामी चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल को



विजय दिलाने हेतु प्रत्येक कार्यकर्ता घर- घर जा कर सरकार की योजनाएं बताये, विज ने कहा कि हमारा पन्ना प्रमुख प्रत्येक बूथ पर पार्टी को जीत दिलाएगा।विधायक ने हरियाणा कॉग्रेस पर भी बयान देते हुए कहा कि वो पहले आपस में लड़ेंगे

फिर भाजपा के खिलाफ प्रत्याशी उतरेंगे, करनाल में भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल देश की सबसे बड़ी जीत हासिल करेंगे।

# निगम आयुक्त ने टाऊनशिप प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नगर निगम** आयुक्त अभिषेक मीणा ने प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित करवाने के लिए शहर के विभिन्न टाऊनशिप व आर.डब्ल्यू.ए. प्रतिनिधियों के साथ बुधवार को एक बैठक की। बैठक में उप निगम आयुक्त अशोक कुमार, जिला नगर योजनाकार ओम प्रकाश, कर अधीक्षक गगनदीप सिंह तथा 12 टाऊनशिप के प्रतिनिधि शामिल हुए। निगमायुक्त ने बताया कि प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित करने से नगर निगम के पास सही डाटा एकत्र होगा। दूसरी ओर इससे सम्बंधित सम्पत्ति मालिक को भी फायदा होगा। उन्होंने बैठक में



मौजूद सभी प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि उनकी सीमा में करीब 22 हजार प्रॉपर्टी हैं, वे अपने-अपने सम्बंधित क्षेत्रों में सभी हाऊस होल्ड की प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित करने का काम करें। इसके अतिरिक्त जो प्लॉट अभी तक नहीं बिके हैं, उन्हें वे अपने टाऊन के नाम व नम्बर से स्व-प्रमाणित करें। इस कार्य के लिए उन्होंने एक सप्ताह का समय दिया और कहा कि इसके बाद दोबारा मीटिंग ली जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित करने से सम्बंधित मालिक के अलावा कोई अन्य व्यक्ति उनकी प्रॉपर्टी से सम्बंधित विवरण चैक नहीं कर पाएगा और न ही उससे कोई छेडखानी कर सकेगा। उसे केवल प्रॉपर्टी मालिक ही देख सकता है। उन्होंने बताया कि नगर निगम सभी टाऊनशिप में एक दिवसीय कैम्प भी लगाएगा। इसके अलावा उनके कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। किस टाऊनशिप में कितनी है प्रॉपर्टी- उन्होंने बताया कि एजिस हाई स्काई में 3 हजार 142, अल्फा सिटी में 4 हजार 909, आनंद वाटिका 2 हजार 507, असंल टाऊनशिप में 3 हजार 673, सी.एच.डी. सिटी में 4 हजार 743, गोल्फ लिंक में 482, जे.बी.बी. में 288, पाम रेजिडेंसी में 1 हजार 48, संतूर में 275, सिग्नेचर ग्लोबल में 650, एम.वी. मॉड्रन कॉम्पलैक्स में 310 तथा नरसी विलेज पार्ट-2 में 125 प्रॉपर्टी हैं। स्व-प्रमाणित कार्य में लगे कर्मचारियों का सहयोग करें नागरिक- उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र की सम्पत्तियां शत प्रतिशत सत्यापित करने के लिए निगम कर्मी घर-घर जाकर लोगों की सम्पत्तियां स्व-प्रमाणित करने में जुटे हैं। प्रत्येक वार्ड में नगर निगम की टीमें इस कार्य को कर रही हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार प्रातः तक 24 हजार 534 सम्पत्तियां स्व-प्रमाणित हो चुकी हैं। उन्होंने सभी सम्पत्ति धारकों से अपील की है कि वे निगम द्वारा घर-घर भेजे जा रहे कर्मचारियों का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सभी सम्पत्ति धारकों की सम्पत्ति का स्व-प्रमाणित होना उनके ही हित में है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 25 अप्रैल 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# 'छग में नक्सली हिंसा पर लगाई लगाम'

## ये आतंकवादियों के मारे जाने पर आंसू बहाते हैं, भारत में धर्म के नाम पर आरक्षण नहीं होगा: मोदी

**काबू किया**

**भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार और नक्सली हिंसा दोनों को काबू किया है: पीएम मोदी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर/अंबिकापुर:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने दो दिवसीय छत्तीसगढ़ (छग) दौरे के आखिरी दिन बुधवार को अंबिकापुर पहुंचे। पीजी कॉलेज ग्राउंड में विजय संकल्प शंखनाद महारैली के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार और नक्सली हिंसा दोनों को काबू किया है। कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के इरादे नेक नहीं हैं। ये आतंकवादियों के मारे जाने पर आंसू बहाते हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने कहा कि भारत में धर्म के नाम पर आरक्षण नहीं होगा। कांग्रेस की नजर आपके आरक्षण पर ही नहीं, आपकी कमाई, आपकी दुकान, खेत, खलिहान पर भी है। कांग्रेस के इरादे एक के बाद एक खुलकर सामने आ रहे हैं। कांग्रेस कहती है कि आपको माता-पिता से मिलने वाली संपत्ति पर भी टैक्स लगाएगी।

**भारत आत्मनिर्भर बना तो कइयों की दुकान बंद हो जाएगी:** पीएम मोदी ने कहा कि जब मैं विकसित भारत कहता हूं तो कांग्रेस और दुनिया की कुछ ताकतों का माथा गरम हो जाता है। अगर भारत शक्तिशाली हो गया तो कुछ ताकतों का खेल ही बिगड़ जाएगा। भारत आत्मनिर्भर बन गया तो कुछ ताकतों की दुकान बंद हो जाएगी। इसलिए वे भारत में कांग्रेस और इंडी गठबंधन की कमजोर सरकार चाहते हैं।

**राज्य सरकार ने रॉकेट की तरह तेजी से कई वायदे किए पूरे:** पीएम मोदी बोले कि आपके आशीर्वाद से आपके बीच का व्यक्ति छत्तीसगढ़ के सपनों को साकार कर रहा है। विष्णु देव साय विकास के लिए रॉकेट की तरह तेजी से काम कर रहे हैं। बहुत कम समय में तेज गति से सरकार चलाई है। धान किसानों को दी गारंटी पूरी की, तेंदूपत्ता संग्राहकों को भी ज्यादा पैसा मिल रहा है, खरीदी भी तेजी से हो रही है। माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है।

## मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए सरकार वचनबद्ध: विष्णु देव

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर/अंबिकापुर:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासियों की सबसे पिछड़ी जनजाति कोरवा, बिरहोर, बैगा, कमार, अबूझमाड़िया जनजाति के लोगों के लिए पीएम जनमन योजना लागू की है। वन धन योजना लागू कर आदिवासियों को वनोपज का ऊँचा दाम देने का काम किया है। सरकार की सारी सुविधाएं पहुंचाने का काम किया है। देश के सर्वोच्च पद पर आदिवासी समाज की बेटी द्रौपदी मुर्मू विराजमान हैं। छत्तीसगढ़ में पहली बार कोई आदिवासी का बेटा मुख्यमंत्री बना है। अंबिकापुर की सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि ये गौरव का विषय है कि आज पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ाने वाले प्रधानमंत्री आज सरगुजा की धरती पर हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी जननायक और दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। जो देश की 140 करोड़ जनता को अपना परिवार मानते हुए उनके सुख-दु:ख की सदैव चिंता करते हैं। मुख्यमंत्री ने मंच पर बैठे प्रधानमंत्री से कहा कि उनकी दी हुई गारंटी पर विश्वास करके सरगुजा संभाग की जनता ने कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया और संभाग की सभी 14 सीटों पर कमल खिलाया, साथ ही कांग्रेस के भ्रष्टाचारी पंजे को साफ कर दिया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से कहा कि मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए उनकी सरकार पूरी तरह वचनबद्ध है। हमारी सरकार ने शपथ लेने के दूसरे ही दिन 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दे दी है।

**कांग्रेस सत्ता के लालच में देश को तबाह करने में लगी रही**

मोदी ने आगे कहा कि सत्ता के लालच में कांग्रेस देश को तबाह करने में लगी रही। देश में आतंकवाद किसके कारण फैला? देश में नक्सलवाद किसके कारण बढ़ा। कांग्रेस का कुशासन और लापरवाही से देश बर्बाद होता रहा। आज भाजपा नक्सलवाद और आतंकवाद के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर रही है।

# दादी के गरीबी हटाओ नारे को पोता भी तोते की तरह रट रहा: सीएम योगी

**घेरा**

**एक वोट अगर इंडी को गया तो जनता की सुरक्षा का खतरा पैदा कर सकता है: सीएम योगी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि दादी के गरीबी हटाओ के नारे को तोते की तरह पोता अब रट रहा है। वह कह रहे हैं कि लोगों की संपत्ति का सर्वे करवाएंगे, फिर उसका सुविधा अनुसार वितरण होगा। ऐसा ही इनके प्रधानमंत्री ने कहा था, कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार एक वर्ग का है। जबकि भाजपा ने सिर्फ 4 जातियों की बात की, गरीब, युवा, महिला, किसान की बात करती है। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 तक के कांग्रेस के शासन में आमजनमानस के भावनाओं को कुचलने का कुत्सित प्रयास किया। जस्टिस रंगनाथ मिश्रा कमेटी की रिपोर्ट को अपने हिसाब से लागू करने के प्रयास किये। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इंडी गठबंधन जातीय गणना की बात कर रहे हैं। ये सिर्फ आरक्षण को छिन्न भिन्न करने का कुत्सित प्रयास है। कांग्रेस हमेशा से देश की कीमत पर सत्ता पाना चाहती रही है। इसीलिए वो व्यक्तिगत कानून की बात करती है। यानी शरीयत कानून की बात कर रही है। जबकि तीन तलाक को केंद्र सरकार ने खत्म करके सम्मान दिलाया था। ये इंडी गठबंधन आधी आबादी का अपमान कर रही है। देश की सुरक्षा, संप्रभुता के साथ ये खिलवाड़ करना चाहते हैं। ये येन केन प्रकारेण अपनी पुराने डीएनए के कारण देश को उसी दौर में ले जाना चाहती है। उन्होंने कहा कि हम दूसरे दौर के मतदान में जा रहे हैं। यही कहना है कि आपका एक वोट आतंकवाद के पुराने दौर को वापस ला सकता है। जबकि एक वोट ही आप को सुरक्षा का माहौल दे सकता है। एक वोट अगर इंडी को गया तो जनता की सुरक्षा का खतरा पैदा कर सकता है। देश कांग्रेस व उनके सहयोगी दलों के वीभत्स मंशा को कतई नहीं पूरा होने देना है। ये लोग देश में तालिबानी विध्वंस व्यवस्था को लागू करना चाहते हैं। हर मतदाता को इससे सतर्क रहना होगा।

## फास्ट न्यूज

### मतदाता सूचना पर्ची को नहीं माना जाएगा मतदाता पहचान दस्तावेज

**महोबा:** निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। मतदाता सूचना पर्ची बीएलओ के माध्यम से मतदान तिथि से कम से कम पांच दिन पूर्व वितरण करने के निर्देश दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड की महोबा हमीरपुर सांसदीय सीट पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है। 26 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी जो कि तीन मई तक चलेगी। निर्वाचन आयोग मतदाताओं की सुविधा में कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रहा है। आयोग द्वारा आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। मतदाता सूचना पर्ची पर मतदान स्थल, मतदान की तारीख और समय आदि का उल्लेख रहता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूचना पर्ची को मतदाता की पहचान दस्तावेज के रूप में नहीं माना जाएगा। प्रत्येक मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए मतदाता सूचना पर्ची के साथ फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक लाना अनिवार्य होगा, तभी मतदान कर पाएंगे।

### खनन माफिया खोद रहे किसान का खेत

**महोबा:** बालू खनन के पट्टाधारक ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर दबंगों द्वारा जबरन उसके भूमि से बालू निकालने का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया है। जनपद में लाल सोने की चाहत में खनन माफिया हैवी पोकलैंड मशीनों को गरजा रहे हैं और प्रकृति का दोहन कर रहे हैं। साथ ही सरकारी राजस्व को चूना लगा रहे हैं। जनपद के पनवाड़ी थाना क्षेत्र के नगारा घाट चौकी क्षेत्र के गांव बराना निवास किसान दरयाव सिंह पुत्र भवानी सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि बराना मौजा में गाटा संख्या 55 में उसकी खेतिहर भूमि है। जहां बांदा निवासी दबंग खनन माफिया के द्वारा जबरन खेत से बालू निकाली जा रही है।

विरोध करने पर दबंग के द्वारा मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

# मध्य प्रदेश: 10वीं और 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित





**परचम लहराया**

**छात्राओं ने फिर मारी बाजी, दसवीं में 58.10 फीसदी और बारहवीं में 64.49 फीसदी छात्र हुए उत्तीर्ण**

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं (हाईस्कूल) और 12वीं (हायर सेकेंडरी) की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। कक्षा दसवीं में इस बार 58.10 प्रतिशत नियमित परीक्षार्थी और कक्षा 12वीं में 64.49 प्रतिशत नियमित विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। हर बार की तरह इस बार भी छात्राओं ने बाजी मारी। नियमित विद्यार्थियों में कक्षा दसवीं में 54.35 प्रतिशत छात्र और 61.88 प्रतिशत छात्राएं सफल रहीं। वहीं, 12वीं में 60.55 प्रतिशत छात्र और 68.43 प्रतिशत छात्राएं पास हुई हैं। मंडला की अनुष्का अग्रवाल ने 10वीं में टॉप किया है। अनुष्का को 495 अंक मिले हैं। मप्र में पिछले साल की तरह इस बार दोनों बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम एक साथ बुधवार शाम चार बजे मंडल कार्यालय में जारी किया गया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव रश्मि अरुण शमी, लोक शिक्षण संचालनालय की आयुक्त शिल्पा गुप्ता और माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव केडी त्रिपाठी उपस्थित रहे। दसवीं में मंडला की अनुष्का अग्रवाल को 495 अंक मिले हैं और वह टॉपर बनी हैं। इसके बाद कटनी की रेखा रेबारी 493 अंक, आगर मालवा की इशिता तोमर 493 अंक के साथ हैं। इसी तरह 12वीं में शाजापुर के जयंत यादव ने 487 अंक लाकर कला समूह में टॉप किया है। वहीं गणित समूह में 493 अंक लाकर रीवा की अंशिका मिश्रा टॉप बनी है।

# जवाबी हमले तेज कर विपक्षियों की धार कुंद करेगी भाजपा



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है प्रदेश का राजनीतिक पारा भी गरम होता जा रहा है। राजनीतिक पार्टियों के ओर से जवाबी हमले भी तेज हो गए हैं। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी ने विपक्ष पर जवाबी हमले और तेज करने के लिए अत्याधुनिक मीडिया सेंटर बनाया है। इस मीडिया सेंटर के माध्यम से भाजपा प्रचार के सभी संसाधनों का उपयोग करते हुए विपक्षियों की धार कुंद करेगी। मीडिया सेंटर का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल की उपस्थित में किया।

**मॉनिटरिंग**

**योगी आदित्यनाथ ने किया अत्याधुनिक मीडिया सेंटर का उद्घाटन, सभी स्तरों पर होगी मीडिया मॉनिटरिंग**

**सभी स्तरों पर होगी मीडिया मानीटरिंग:** भाजपा के प्रदेश कार्यालय पर बना मीडिया सेंटर वाईफाई से लैस है। मीडिया सेंटर में अलग से बाईट रूम बनाया गया है जहां से इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि भाजपा की प्रवक्ताओं से उनकी प्रतिक्रिया ले सकेंगे। इसके अलावा पत्रकारों के बैठने,समाचार लिखने की भी व्यवस्था की गयी है। मीडिया कैंपेन कमेटी के सदस्यों के बैठने और बैठक करने के लिए अलग कमरा है। वहीं पर एक प्रेसवार्ता के लिए भी एक बड़ा सभागार है। इसके अलावा मीडिया मानीटरिंग की टीम भी मीडिया सेंटर में मुस्तैद रहेगी।

# अपराध मुक्त होने से संरक्षण देने वालों में है बौखलाहट: स्वाती सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** जो व्यक्ति खुद अपराधियों को संरक्षण देता हो,उसको टिकट देकर उसके प्रचार में कसीदे गढ़ता है। उसमें आज अपराध मुक्त प्रदेश होने पर बौखलाहट बढ़ना स्वाभाविक है,लेकिन उसे यह नहीं भूलना चाहिए कि जनता सब जानती है। इस चुनाव में उसके खाते भी नहीं खुलने वाले हैं। यही नहीं एक पार्टी तो सत्ता में रहने के बावजूद आज शून्य पर पहुंच चुकी है। पार्टी प्रमुख महिला होते हुए भी वहां एक भी महिला का सम्मान नहीं हुआ और वे आज भाजपा को नसीहत दे रही हैं। ये बातें भाजपा नेत्री और पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कहीं। वह बुधवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव और बसपा प्रमुख मायावती द्वारा अलीगढ़ में मंगलवार को दिये गये बयान का जवाब दे रही थीं। अखिलेश यादव ने एक जनसभा में कहा था, 'बीजेपी वालों ने अपराधियों और भ्रष्टाचारियों का गोदाम बना दिया है।' वहीं मायावती ने कहा था, 'गारंटीबाजी व जुमलेबाजी भाजपा के काम नहीं आयेगी।'

# वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह के नामांकन जुलूस में दिखेगी डांडिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में लखनऊ लोकसभा सीट पर पूरे देश की नजर है। यहां से भाजपा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को उम्मीदवार बनाया है। उनके नामांकन की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। उनके नामांकन में भव्य जुलूस के साथ ही डांडिया नृत्य भी होगा। बुधवार को भाजपा नेता नीरज सिंह से सिंधी समाज के वरिष्ठ जन और पार्टी कार्यकताओं ने भेंट की। नीरज सिंह ने उनकी बातों को सुना और सिंधी समाज की ओर से नामांकन जुलूस में डांडिया कर खुशी जाहिर करने की बात को स्वीकार कर लिया। लखनऊ में भाजपा के चुनाव प्रबंधन समिति की बागडोर सम्भाल चुके भाजपा नेता नीरज सिंह से सिंधी अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष नानक चंद लखमानी ने भेंटकर कहा कि भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह जन–जन के नेता हैं और उनके नामांकन जुलूस में सिंधी समाज अपने तौर तरीके से खुशी जाहिर करना चाहता है। जुलूस में सिंधी समाज से जुड़े भाजपा कार्यकर्ता डांडिया करेंगे। जिसे नीरज सिंह की ओर से सहज स्वीकार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल को हजरतगंज स्थित भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पर सुबह 10 बजे के करीब बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग और भाजपा से जुड़े कार्यकर्ता पहुंचेंगे। जन–जन के नेता राजनाथ सिंह के नामांकन जुलूस में शामिल होंगे। नामांकन की सूचना को वह स्वयं भी कार्यकर्ताओं के बीच दे रहे हैं।

# लोस चुनाव : बुंदेलखंड में जीत को तरस रही कांग्रेस ने अब गंवाया 'हाथ'



**टीम एक्शन इंडिया**

**बांदा:** देश में आजादी के बाद लोकसभा चुनाव या विधानसभा चुनाव,कांग्रेस का तिरंगा परचम फहराता रहा। 1952, 1957 और 1962 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों ने हैट्रिक लगाई। लेकिन अब कांग्रेस के दुर्दिन ऐसी है कि पूरे बुंदेलखंड में हाथ कहीं दिखाई नहीं दे रहा है। बांदा चित्रकूट संसदीय सीट में तो कांग्रेस को पिछले 40 वर्षों से जीत नसीब नहीं हुई। पिछले चुनाव में बुंदेलखंड की सभी चारों सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी। अब हालात यह है की झांसी को छोड़कर तीन सीटों पर इस बार कांग्रेस का सिंबल हाथ का पंजा नजर नहीं आएगा। बुंदेलखंड में आजादी के बाद 1991 तक कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव जीतकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहे। झांसी लोकसभा में 1952, 57, 62, 67, 71, 80 और 1984 में कांग्रेस प्रत्याशियों ने जीत हासिल की। जालौन लोकसभा में कांग्रेस ने 1952, 57, 62, 67 व 1971 में जीत दर्ज की। बांदा चित्रकूट संसदीय सीट पर 1952 और 1957 में कांग्रेस ने जीत हासिल की इसके बाद कम्युनिस्ट और कांग्रेस के बीच मुकाबला होने से कभी कांग्रेस तो कभी कम्युनिस्ट का परचम लहराया। कांग्रेस ने आखिरी चुनाव 1984 में जीता था। तब कांग्रेस के भीष्म देव दुबे नेजीत हासिल की थी।

## कम मत प्रतिशत पर उत्तराखंड कांग्रेस ने - प्रशासन को घेरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीट पर प्रथम चरण में 19 अप्रैल को संपन्न हुए चुनाव में कम मत प्रतिशत को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने शासन-प्रशासन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सत्ता और प्रशासन से लोगों में निराशा थी। उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में भर्ती घोटाला, महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध, अंकिता भंडारी हत्याकांड, केदारनाथ में सोने की चोरी पर जांच ना होना जैसे तमाम मुद्दों के चलते लोगों का सिस्टम से भरोसा उठना, कम मत प्रतिशत की अहम वजह है।

# अंतिम दिन उम्मीदवारों ने प्रचार में झोंकी ताकत



**टीम एक्शन इंडिया**

**मेरठ:** दूसरे चरण के 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए बुधवार शाम पांच बजे चुनाव प्रचार का समाप्त हो गया। प्रचार के अंतिम दिन उम्मीदवारों ने पूरी ताकत झोंक दी। मेरठ में भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल, सपा उम्मीदवार सुनीता वर्मा ने रोड शो निकाला तो बसपा उम्मीदवार देवव्रत त्यागी ने भी धुआंधार प्रचार किया। लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर मतदान होगा। इसके लिए बुधवार को चुनाव प्रचार का अंतिम दिन रहा। शाम पांच बजे तक सभी उम्मीदवारों ने धुआंधार चुनाव प्रचार किया और मतदाताओं को अपनी ओर लुभाने का प्रयास किया। मेरठ-हापुड़ सीट से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल ने भाजपा के दिग्गज नेताओं के साथ रोड शो निकाला। एक बड़े वाहन पर अरुण गोविल अपनी पत्नी श्रीलेखा गोविल, सांसद राजेंद्र अग्रवाल, सांसद कांता कर्दम, महापौर हरिकांत अहलूवालिया, राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर, भाजपा के महानगर अध्यक्ष सुरेश जैन रितुराज सवार थे। यह रोड शो बच्चा पार्क से शुरू होकर भारत माता चौक से आबूलेन, फव्वारा चौक से थानेश्वर चौक, स्वराज पथ, थाना सदर बाजार के सामने से होता हुआ बिल्वेश्वर मंदिर पर समाप्त हुआ।

# महिलाओं के मंगलसूत्र खतरे में: अभिजीत

**साधा निशाना**

**महिलाओं के मंगल सूत्र और सोना पश्चिम बंगाल में संदेशखाली की तरह खतरे में हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**कठुआ:** भाजपा जम्मू-कश्मीर के प्रवक्ता अभिजीत जसरोटिया ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए उन्हें दलित और ओबीसी विरोधी कहा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के मंगल सूत्र और सोना पश्चिम बंगाल में संदेशखाली की तरह खतरे में हैं, क्योंकि कांग्रेस उन्हें छीनने और धर्म के आधार पर बांटने की योजना बना रही है। बुधवार को भाजपा कार्यालय कठुआ में अभिजीत जसरोटिया प्रवक्ता बीजेपी की अध्यक्षता में एक पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए जसरोटिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी दलित और ओबीसी विरोधी है। जिस तरह से उन्होंने देश के कानून का पालन करने वाले नागरिकों से संसाधन छीनने और इसे धर्म के आधार पर वितरित करने की घोषणा की है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जो नागरिक कानून का पालन करते हैं और हम दो और हमारे दो के नारे में विश्वास करते हैं, उन्हें अपने संसाधनों और संपत्तियों को उन लोगों के साथ क्यों साझा करना चाहिए जिनके 12 बच्चे हैं, जोकि अन्याय है। अभिजीत जसरोटिया ने कहा कि आज महिलाओं के मंगल सूत्र और सोना पश्चिम बंगाल में संदेशखाली की तरह खतरे में हैं क्योंकि कांग्रेस उन्हें छीनने और धर्म के आधार पर बांटने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश को धर्म के आधार पर बांटने के बाद कांग्रेस के सत्ता में आने पर एक और बंटवारा होने की संभावना है।

**लोस चुनाव** रायबरेली, अमेठी, कन्नौज और कैसरगंज है, रायबरेली और अमेठी में अभी तक कांग्रेस ने अपने पत्ते नहीं खोले

# कुछ सीटों पर उलझे राजनीतिक दल, रायबरेली से वरूण की संभावना



**असमंजस**

**वहीं रायबरेली से भाजपा उम्मीदवार के रूप में वरुण गांधी के आने की चर्चा तेज हो गयी है**

**टीम एक्शन इंडिया**

लखनऊ: प्रदेश की कुछ सीटों ने राजनीतिक दलों को उलझा दिया है। उसमें रायबरेली, अमेठी, कन्नौज और कैसरगंज है। रायबरेली और अमेठी में अभी तक कांग्रेस ने अपने पत्ते नहीं खोले। अमेठी में भाजपा की स्मृति ईरानी ताल ठोक रही हैं, वहीं रायबरेली से भाजपा उम्मीदवार के रूप में वरुण गांधी के आने की चर्चा तेज हो गयी है। भाजपा सिर्फ कांग्रेस उम्मीदवार का इंतजार कर रही है। वहीं दूसरी तरफ सपा कन्नौज सीट से फिर अपना उम्मीदवार बदलने जा रही है। अब तेज प्रताप की जगह खुद अखिलेश यादव वहां से ताल ठोकेंगे। कैसरगंज से वर्तमान सासंद बृजभूषण शरण सिंह चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं, लेकिन वहां से अभी तक भाजपा ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं। इससे पहले ही बृजभूषण कह रहे हैं कि भाजपा उम्मीदवार कोई हो, यहां से पांच लाख वोटों से जीतेगा। वहीं कन्नौज में सपा का सिर दर्द बढ़ता जा रहा है। पहले वहां से तेज प्रताप को टिकट दिया था। अब वहां के स्थानीय नेता अखिलेश यादव को वहां से चुनाव लड़ने की मांग कर रहे हैं। इस पर अखिलेश यादव द्वारा मंगलवार को दिये बयान, स्थानीय कार्यकर्ता जो चाहेंगे, वहीं होगा। राजनीतिक गलियारे में चर्चा तेज कर दी है। पहले समाजवादी पार्टी मुखिया का चुनाव लड़ने की योजना नहीं थी, लेकिन मंगलवार को दिये बयान ने चर्चा तेज कर दी है। हालांकि सपा ने अभी आधिकारिक रूप से घोषणा नहीं की है। इधर यह भी चर्चा है कि सपा को लालू यादव के दामाद तेज प्रताप की नाराजगी का भी डर है।